दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 148 | टोंक | बुधवार,22 जनवरी, 2025 | माष, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 3.50 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

26.0⁰ अधिकतम तापमान | 13.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 75,838.36
-1,235.08 (1.60%)

निफ्टी 23,045.30
-299.45 (1.28%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 81,960 /10g

चांदी 96,500 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### सैफ 5 दिन बाद लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज

कार से उतरकर खुद बिल्डिंग के अंदर गए; सुरक्षा की जिम्मेदारी एक्टर रोनित रॉय की एजेंसी को सौंपी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** एक्टर सैफ अली खान को 5 दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे उन पर चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई और इलाज चला। सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से घर पहुंचने में करीब 15 मिनट लगे। इस दौरान वे सड़क पर लोगों का हंसकर अभिवादन करते हुए दिखे। जब वे घर पहुंचे तो खुद ही कार से उतरकर बिल्डिंग के अंदर गए।

**बढ़ता TOON!**







### युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा

# युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़े, राज्य सरकार उन्हें उपलब्ध करवाएगी मंच : सीएम

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवाओं का है। युवा प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के इंजन है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर दे रही है जिससे वे देश एवं प्रदेश की प्रगति में भी अपना अहम योगदान दे सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार युवा एवं खेल प्रतिनिधियों के सभी सुझावों पर विचार कर उन्हें बजट में यथासंभव शामिल करेगी ताकि आपणो अग्रणी राजस्थान का सपना साकार किया जा सके। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा अपार ऊर्जा, नवाचार और सृजनशीलता के स्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद जी का कहना था कि 21वीं सदी भारत की है तथा युवा पीढ़ी में हर समस्या का समाधान करने का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़े तथा हम उन्हें हर संभव मंच उपलब्ध करवाएंगे।

**राज्य को खेलों में अग्रणी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता :** शर्मा ने कहा कि राजस्थान खेलों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा हमारी प्राथमिकता है कि प्रदेश खेलों में अग्रणी राज्य बने। उन्होंने कहा कि नई खेल नीति, खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन, राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, मिशन ओलंपिक 2028, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर स्पोर्ट्स जैसे निर्णयों से प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए समुचित अवसर मिल रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले में खेल से संबंधित सुविधाओं का विकास करने के लिए %एक जिला-एक खेल योजना% शुरू की गई है जिससे जिले में अन्य खेलों के साथ एक विशेष खेल को भी बढ़ावा मिलेगा।

## छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर मुठभेड़

# 27 नक्सली मारे गए

### इनमें 1 करोड़ का इनामी भी शामिल; ड्रोन से रखी जा रही निगरानी

बढ़ता राजस्थान

**गरियाबंद ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में फोर्स ने 27 नक्सलियों का एनकाउंटर कर दिया है। इनमें 16 के शव और हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। इनमें 1 करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति भी मारा गया है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। रविवार रात को छत्तीसगढ़ और ओडिशा की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था।

सोमवार को भालू डिग्गी जंगल में दिनभर रुक-रुककर फायरिंग हुई जो मंगलवार को भी जारी है। करीब 1000 जवानों ने 60 नक्सलियों को घेर रखा है। ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है।



### सर्चिंग पर निकले जवानों पर किया हमला

छत्तीसगढ़-ओडिशा की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था। इसमें 10 टीमें एक साथ निकली थीं। 3 टीम ओडिशा से, 2 टीम छत्तीसगढ़ पुलिस से और 5 सीआरपीएफ टीम इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जवान क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने उन पर हमला किया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मैनपुर पहुंच गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से भाटीगढ़ स्टेडियम को छावनी में तब्दील कर दिया है। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। वहीं, 3 आईईडी भी बरामद किए थे।

### बस्तर की तरफ से गरियाबंद भाग रहे नक्सली

जिन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, वो सेंट्रल कमेटी के हैं। ये नक्सलियों के टॉप लीडर होते हैं। गरियाबंद में अब तक डिविजनल कमेटी मेंबर ,एरिया कमेटी मेंबर ही मूवमेंट करते थे, लेकिन पहली बार टॉप लीडरों की मौजूदगी इस तरफ दिखी है।

### नक्सलवाद आखिरी सांसें गिन रहा : शाह

मुठभेड़ के बीच बैकअप पार्टी भी भेजी गई है। बताया जा रहा है कि, पहले फोर्स का 15-20 किमी का घेरा था, अब नक्सली 3 किमी में सिमट गए हैं। घेरे गए सभी 60 नक्सलियों को मारने की भी संभावना है। वहीं, एक जवान घायल हुआ हैं, जिसे एयरलिफ्ट करके रायपुर लाया गया। (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) जवान के पैर में गोली लगी है। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा, ओडिशा के नुआपाड़ा एसपी राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा डीआईजी नक्सल ऑपरेशन अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का रिजल्ट हुआ जारी

### 10वीं में 46.54प्रतिशत और 12वीं में 44.95प्रतिशत स्टूडेंट्स हुए पास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को जयपुर के शिक्षा संकुल में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का रिजल्ट जारी किया। इस बार के रिजल्ट में जहां दसवीं क्लास में 43.54 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इसी तरह 12वीं क्लास में 44.95 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। शेष स्टूडेंट आशिक उत्तीर्ण रहे हैं। जिन्हें फिर से परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया- इस बार राजस्थान स्टेट ओपन परीक्षा का रिजल्ट ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत जांचा गया है।

इसकी वजह से शैक्षणिक कार्यों पर इसका ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है। यही कारण है कि इस बार न सिर्फ रिजल्ट महज 15 दिनों में जारी हो गया। उन्होंने बताया कि हर बार परीक्षा की कॉपियों को जांचने के लिए पिछली बार हुए 5 लाख रुपए के भुगतान का खर्चा भी नहीं हुआ है।

## मूर्ति बोले-हफ्ते में 70 घंटे काम कोई थोप नहीं सकता

### इस पर आत्मचिंतन हो बहस नहीं, मैं भी सुबह 6.30 से रात 8.30 तक काम कर रहा



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति ने हफ्ते में 70 घंटे काम वाले अपने बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा- ऐसा कोई नहीं है जो कह सके कि आपको यह करना चाहिए, आपको यह नहीं करना चाहिए।

मूर्ति ने कहा, कोई भी व्यक्ति लंबे समय तक काम करने की मांग नहीं कर सकता है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर आत्मचिंतन करना चाहिए ना की बहस। इसकी आवश्यकता समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा- मैं सुबह 6.30 बजे ऑफिस पहुंचता था और रात 8.30 बजे निकलता था। मैं ऐसा 40 साल से कर रहा हूं। मैंने ऐसा किया ये फैक्ट है। इसलिए कोई भी ये नहीं कह सकता है कि ये गलत है।

नारायण मूर्ति 20 जनवरी को इंडियन मर्चेंट्स चैंबर के आयोजित किलाचंद मेमोरियल लेक्चर में शामिल हुए थे। वर्क-लाइफ बैलेंस पर उनसे किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही।

## बेंगलुरु गैंगरेप सिद्धारमैया बोले-क्या भाजपा शासन में रेप नहीं हुए



बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक महिला से गैंग रेप मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा- कर्नाटक में भाजपा के कार्यकाल में कोई बलात्कार नहीं हुआ? बलात्कार की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। महिलाओं को सुरक्षा मिलनी चाहिए। लेकिन कुछ बुरे लोग होते हैं। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। दरअसल, बेंगलुरु में रविवार रात बस का इंतजार कर रही 37 साल की महिला से गैंगरेप हुआ था। इससे अलावा राजधानी के होयसला नगर में 6 साल की बच्ची के रेप के बाद हत्या हुई थी। इस पर भाजपा राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर से इस्तीफे की मांग की थी। सिद्धारमैया भाजपा के इस्तीफे की मांग का जवाब दे रहे थे।






## सम्पादकीय

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ से?

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज पहुंच रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरुआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कुंभ मेला लाखों-करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहां विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 22 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- काहिरा पर तुर्की ने 1517 में कब्जा किया।
- बोस्टन एवं न्यूयॉर्क के बीच 1673 में डाक सेवा की शुरुआत हुई।
- 1760 में हुए वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसिसियों को हराया।
- दक्षिणी सीरिया में 1837 में आये भूकंप से हजारों लोगों की जाने गयी।
- रूस के सेंट पीट्सबर्ग में मजदूरों पर 1905 में गोलियां चलाई गयी जिसमें लगभग 600 से ज्यादा लोग मारे गए।
- रैमसे मैकडोनाल्ड 1924 में ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने।
- देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए 1963 में राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।
- पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में इस्पात कारखाना 1965 में शुरू हुआ।
- अपोलो 5 ने 1968 में पहले ल्यूनर मॉड्यूल के साथ अंतरिक्ष की ओर उड़ान भरी थी।
- बोइंग 747 का 1970 में लंदन एवं न्यूयॉर्क के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।
- इस्तानबुल की पूरी आबादी को 1972 में 24 घंटे के लिए नजरबंद किया गया।
- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 1973 को गर्भपात को कानूनी मान्यता दे दी। कोर्ट ने अपने फैसले तहत महिलाओं गर्भवती होने के बाद 6 महीने के भीतर गर्भपात करवा सकती हैं।
- नाइजीरिया मे 1973 में जॉर्डन एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त, लगभग 200 यात्रियों की मृत्यु।
- रोनाल्ड रीगन का 1981 में संयुक्तराष्ट्र अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- 1992 में डॉ. रॉबर्टा बॉन्डर अंतरिक्ष में जाने वाली कनाडा की न्यूरोलॉजिस्ट और पहली महिला बनी।
- कैलीफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने 1996 में पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की।
- नासा के अंतरिक्ष यान पायनीयर 10 पृथ्वी से (सर्वाधिक दूर मानव निर्मित यान) 2003 में से अंतिम बार संपर्क स्थापित हुआ।
- इवा मोराल्स ने 2006 में बोलीविया के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

### 22 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर रोशन सिंह का 1892 में जन्म।
- रूसी फ़िल्म निर्देशक सेर्गे मिखाइलोविच आइसेन्स्टाइन का 1898 में जन्म।
- हिन्दी फ़िल्मों के एक अभिनेता, पटकथा-लेखक, निर्माता, निर्देशक और सम्पादक विजय आनन्द का 1934 में जन्म।
- भारतीय अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर का 1972 में जन्म।
- कर्नाटक संगीत शैली के प्रसिद्ध गायक तथा मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति टी. एम. कृष्णा का 1976 में जन्म।
- असम के सामाजिक कार्यकर्ता तरुण राम फुकन का 1977 में जन्म।
- बर्मा के राजनयिक तथा संयुक्त राष्ट्र के तीसरे महासचिव यू. थांट का 1909 में जन्म।

## विशेष आलेख

# जेपी नड्डा के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में कौन?



– रामस्वरूप रावतसरे

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अगले महीने 10 से 20 फरवरी की बीच नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह लेगा। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे के बाद पार्टी में नए अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। भाजपा ने हाल ही में अपनी सदस्यता अभियान के तहत 10 करोड़ से ज्यादा सदस्यों को जोड़ा है और वर्तमान में राज्य इकाईयों के लिए संगठनात्मक चुनाव कर रही है। इसके बाद ही पार्टी का नया अध्यक्ष चुना जाएगा।**

भाजपा के संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले कम से कम आधे राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो जाने चाहिए। पदाधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि इस बार 10 से 20 फरवरी के बीच पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। अभी तक पार्टी ने इस पद के लिए आधिकारिक तौर पर किसी उम्मीदवार का ऐलान तो नहीं किया है। हालांकि जानकारों का कहना हैं कि नड्डा का उत्तराधिकारी या तो कोई केंद्रीय मंत्री या पार्टी के संगठनात्मक ठांचे से कोई व्यक्ति हो सकता है।

फरवरी 2020 में जेपी नड्डा ने अमित शाह से पार्टी की कमान संभाली थी। वैसे तो पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए नड्डा को कार्यकाल विस्तार दिया गया। क्योंकि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी स्थिर नेतृत्व बनाए रखना चाहती थी। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी और नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बने। भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा के कार्यकाल की एक और बड़ी अचीवमेंट हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक और महाराष्ट्र में मिली शानदार जीत भी है।

जानकार लोगों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व नए अध्यक्ष का चयन करते समय जाति पर भी ज्यादा ध्यान दे सकता है। क्योंकि नड्डा ब्राह्मण हैं और मोदी अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) से आते हैं, साथ ही बीआर अंबेडकर के मुद्दे पर घिरने के बाद और खुद पर लगने वाले दलित विरोधी आरोपों को धोने के लिए भाजपा किसी दलित को यह जिम्मेदारी दे सकती है। क्योंकि कांग्रेस ने हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह को आंबेडकर के मुद्दे पर संसद में जमकर घेरा था। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दलित समाज से आते हैं। इसको लेकर भी कांग्रेस अक्सर भाजपा पर दलितों की अनदेखी का आरोप लगाती रहती है। आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणियों को लेकर संसद में हुए विवाद के बाद भाजपा के लिए विपक्ष को शांत करने के लिए दलित नेता की नियुक्ति सबसे कारगर तरीका हो सकता है। इस संदर्भ में प्रमुख उम्मीदवार केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम और उत्तर प्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्य हो सकते हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा,''मोदी जी की पिछली पसंद को देखते हुए, वे एक लो-प्रोफाइल नेता और विश्वासपात्र हो सकते हैं. फिर भी उन्हें ऐसा नेता होना चाहिए जो शीर्ष नेतृत्व के विचारों और कार्यक्रमों को लागू कर सकें'' भाजपा के नए अध्यक्ष के लिए उम्र भी एक अहम रोल अदा करेगी, खासकर विपक्ष में युवा नेताओं के उभरने को देखते हुए यह और जरूरी हो जाता है। क्योंकि विपक्ष में कांग्रेस से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस से अभिषेक बनर्जी और राष्ट्रीय जनता दल से तेजस्वी यादव ऐसे चेहरे हैं जो पार्टियों के मुख्य चेहरे बने हुए हैं और युवा भी हैं। कई बार भाजपा के मौजूदा नेतृत्व को यह आरोप भी झेलना पड़ जाता है कि वो नई नस्ल को बढ़ावा नहीं दे रही। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बार-बार ये कहते हुए सुना जा सकता है कि युवाओं को राजनीति में आगे आकर हिस्सा लेना चाहिए। इसके अलावा एक कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि भाजपा इस बार दक्षिण से अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन सकती है, क्योंकि इस समय पार्टी में दक्षिण का कोई भी नेता बड़े पद पर नहीं है। ऐसे में संतुलन बनाने के लिए भाजपा ऐसा कदम उठा सकती है। हालांकि अगर इन सब समीकरणों को अलग रख दें तो शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े जैसे नेताओं के नाम भी भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर लिए जा रहे हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि नए अध्यक्ष के चयन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छाप और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन होगा, जो मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखेगा लेकिन इसमें आरएसएस की दखल को अहम माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि पार्टी के गठन के बाद से भाजपा हमेशा अपना अध्यक्ष आरएसएस के साथ 'बैठक' के बाद चुनती है, जहां दोनों पक्षों की सहमति से बहुमत समर्थन वाले उम्मीदवार का चयन होता है।

**भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद अब तक निम्न अध्यक्ष रह चुके है।**

1-अटल बिहारी वाजपेयी 1980-86 तक, 2-लालकृष्ण आडवाणी 1986-91तक, 3-मुरली मनोहर जोशी 1991-93 तक, 4-लालकृष्ण आडवाणी 1993 -98 तक, 5-कुशाभाऊ ठाकरे 1998-2000 तक, 6-बंगारू लक्ष्मण 2000 -01तक, 7-जन कृष्णमूर्ति 2001-02 तक, 8-वेंकैया नायडू2002-04 तक, 9-लालकृष्ण आडवाणी 2004-06 तक, 10- राजनाथ सिंह 2006-09 तक, 11- नितिन गडकरी 2009-13 तक, 12- राजनाथ सिंह 2013-14 तक, 13 - अमित शाह 2014-2020 तक, 14 - जगत प्रकाश नड्डा 2020 से इस पद पर है।

जगत प्रकाश नड्डा मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले है। जेपी नड्डा जी का जन्म बिहार की राजधानी पटना में 2 दिसंबर 1960 को हुआ था। पटना विश्वविद्यालय से बीए करने के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई की। युवावस्था में जय प्रकाश नारायण द्वारा चलाए गए विभिन्न आदोलनों में सक्रियता से प्रतिभाग किया। नड्डा जी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे और 1989 में एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री चुने गए। वर्ष 1991 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनाए गए। वर्ष 1993 में पहली बार हिमाचल प्रदेश विधान सभा में विधायक बने और नेता प्रतिपक्ष चुने गए।

# ट्रंप सरकार : दुनिया में शांति की दरकार



– मनोज वार्ष्णेय

**दुनिया में इस वक्त जो राजनेता सर्वाधिक चर्चा में हैं उनमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प हैं। इन तीनों के चर्चा में बने रहने के अपने-अपने कारण हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ पूरी दुनिया की नजरें हैं कि वह किस तरह से भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने के लिए प्रयासरत हैं तथा उनकी नीतियों से भारत लगभग हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। कोरोना काल में जिस तरह से मोदी ने भारत को बीमारी से उबारने के लिए योजना बनाई वह सभी देशों के लिए एक मिसाल बनी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लंबे समय से रूस की सत्ता पर काबिज तो हैं ही साथ ही यूक्रेन के साथ उनके युद्ध और हाल में कैंसर जैसी बीमारी का टीका बनाकर रूस का दुनिया में नंबर बन बनने का मंसूबा कायम है। अब जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बन गए हैं तो उनकी आक्रमक शैली पर पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिक गई हैं कि क्या वह इजराइल-हमास वॉर बंद कराने जैसी गतिविधियां दूसरे देशों में भी लागू करवा पाएंगे? सर्वाधिक चिंता रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान, भारत-बांग्लादेश, पाकिस्तान- अफगानिस्तान को लेकर हैं।

रूस-यूक्रेन जैसे दोनों देशों के बीच चल रहे युद्ध को तीन साल हो चुके हैं और इस बीच हजारों करोड़ रुपए के व्यापार के साथ ही बड़े पैमाने पर जो मानवीय-सामजिक क्षति हुई है उससे दोनों देशों के अतिरिक्त उनके आसपास के देश काफी चिंतित हैं। इस युद्ध से कितना नुकसान हुआ है इसका अनुमान इसी से लग सकता है कि जो सार्वनजिक - व्यक्तिगत भवन आदि क्षतिग्रस्त हुए हैं उनका मलवा उठाने में ही कम से कम दो वर्ष का समय और बड़ी धनराशि खर्च होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण से पहले ही अमेरिका में शासन चलाने के लिए कई ऐसी नियुक्तियां की हैं जो दुनिया की ताकतवर हस्तियों में गिनी जाती हैं और उनके जिस प्रकार से बयान आए हैं वह भी बताते हैं कि ट्रंप सरकार इस कार्यकाल में पहले के मुकाबले तेजी से और तीखे निर्णय करेगी। इसी कारण से उम्मीद की जा रही है कि अब रूस और यूक्रेन भी युद्ध विराम कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह दुनिया के लिए काफी अच्छी खबर होगी। यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि इन दोनों देशों के युद्ध के बाद से दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध की चर्चाएं जोरों पर रही हैं और भारत दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से शांति के लिए युद्ध बंद करने की अपील कई बार कर चुका है। कहना ना होगी कि ट्रंप सरकार के लिए विदेश मोर्चे पर सर्वाधिक जोर इसी बात का होगा कि वह रूस को यूक्रेन से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए तैयार कर ले।

डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले ही इजराइल-हमास वॉर थमने की जो प्रक्रिया हुई है उसने भी ट्रंप के आने के बाद क्या-क्या हो सकता है का संदेश दिया है। वैसे यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि अमेरिका के राष्ट्रपति रहते हुए जो बाइडेन,जिन कार्यों को लंबे समय तक नहीं कर सके वह ट्रंप सरकार के आने की सूचना के साथ ही होना आरंभ हो गए हैं। हमास के साथ इजराइल का युद्ध इसी कड़ी में रखा जा सकता है। यह बात तो सभी जानते हैं कि ट्रंप ने सरकार में आते ही इन दोनों के बीच युद्ध बंद कराने की बात कही थी जो उनके शपथ ग्रहण से पहले ही पूरी हो चुकी है।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



गुरूदत्त सैनी
( पुलिस निरीक्षक )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार निरीक्षक गुरूदत्त सैनी जी। जोकि फिलहाल वर्तमान पदस्थापन थाना अधिकारी वैशाली नगर जिला अलवर पद को सुशोभित कर रहे हैं। बहुत ही संवेदशील अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। इनका जन्म 21 अगस्त 1974 को गांव पाटन तहसील नीमकाथाना जिला सीकर में हुआ जहां प्रारंभिक शिक्षा गांव पाटन में हुई और कॉलेज शिक्षा एलबीएस कॉलेज कोटपूतली सन 1995 में एमकॉम के रूप में हुई इसके बाद राजस्थान पुलिस में सहायक उप निरीक्षक सीआईडी एएसबी पद पर नौकरी फरवरी 1996 में ज्वाइन की। ट्रेनिंग के बाद में जयपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षा स्क्वाड में ड्यूटी लगी तत्पश्चात 1999 से 2006 तक प्रधानमंत्री सुरक्षा (एसपीजी) दिल्ली में रहे। 2014 तक मुख्यमंत्री सुरक्षा जयपुर में पदस्थापित रहे। 2015 से अगस्त 2023 तक पुलिस आयुक्तालय जयपुर में उप निरीक्षक झोटवाड़ा व 2018 में निरीक्षक की पदोन्नति के बाद थाना अधिकारी कालवाड़ एक्सीडेंट थाना आदि पर पदस्थापित रहे। अगस्त 2023 में जिला अलवर में पदस्थापन के बाद वैशाली नगर नया थाना खोलने की जिम्मेदारी प्राप्त हुई इसके बाद अलवर में ही अरावली विहार, विजय मंदिर में थानाधिकारी पद पर ड्यूटी दी। 18 जनवरी से पुन: वैशाली नगर थाना अधिकारी पद पर पुलिस अधिकारियों ने लगाया है। बहुत ही शानदार अधिकारी हैं। एकदम सरल और सहजतापूर्ण व्यवहार से लोगों की परिवेदनाए सुनने का कार्य करते हैं। थाने के सभी पुलिस कर्मियों के साथ मधुर व्यवहार रखते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## 2025_022 a बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 9 | | 8 | | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | | 4 | | 8 | 6 |
| 3 | 8 | | | 6 | 5 | 2 | 1 | |
| 9 | 4 | 2 | 6 | | 3 | | | |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | |
| 6 | | 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | | 4 |
| 2 | | | | | | | | |
| 4 | 6 | | 2 | 8 | | | | |
| | 5 | 8 | | 4 | 6 | 1 | | |

**Ans_2025_021**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 | 3 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

### वृष

आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

### मिथुन

जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

### कर्क

काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। काम समय से पूरा नहीं होगा।

### सिंह

अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

### कन्या

महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

### तुला

मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

### वृश्चिक

अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

### धनु

मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

### मकर

प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

### कुंभ

आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

### मीन

जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। उत्तम विवाह सुख प्राप्त होगा।

# मिशन संवाद 'अभिव्यक्ति से आत्मविश्वास' तक कार्यक्रम का जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने शुभारंभ किया

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा नवाचार मिशन संवाद 'अभिव्यक्ति से आत्मविश्वास' तक कार्यक्रम का पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाई माधोपुर से जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को शुभारंभ किया।

जिला कलक्टर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के 6 से 8 तक की कक्षा के विद्यार्थियों का कक्षा में बोलने में हिचकिचाहट दूर कर उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यालयों में एक तरफा संचार चल रहा है जिससे बच्चों में आत्मविश्वास की कमी के कारण खुलकर बोलने में हिचकिचाहट महसूस होती है जिससे बच्चे शैक्षिक एवं व्यक्तित्व विकास में पीछे रह जाते है। इसी हिचकिचाहट को दूर करने एवं बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए ही इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है ताकि देश के आने वाले भविष्य निर्माताओं में अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को बढाया जा सके। उन्होंने सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम टॉपर बच्चों के लिए ही नहीं है बल्कि सभी बालकों के लिए है। इस दौरान भामाशाहों द्वारा जिला कलक्टर को भविष्य की उड़ान के तहत विद्यालयों में दान की गई राशि के चैक सौंपे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश कुमार गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से मिशन संवाद अभिव्यक्ति से आत्मविश्वास तक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 632 विद्यालय जिनमें कक्षा 6 से कक्षा 8 तक संचालित है उन विद्यालयों में यह कार्यक्रम आरम्भ किया जाएगा जिससे 632 विद्यालयों के 41 हजार 942 विद्यार्थी लाभांवित होंगे।

### पुस्तकालय का किया निरीक्षण

इस दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाई माधोपुर में संचालित विवेकानंद पुस्तकालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सवाई माधोपुर, प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू, जिले के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## सरपंच संघ ने कार्यकाल बढ़ाने पर जताई खुशी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** सरपंच संघ मालपुरा की आवश्यक बैठक मंगलवार को संघ अध्यक्ष भंवरलाल धायल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतो के सरपंचो का कार्यकाल बढ़ाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार प्रकट किया गया। बैठक में मौजुद सरपंचो ने ग्राम पंचायतो के सरपंचो का कार्यकाल बढ़ाने के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## स्वर्ण दुर्गा कैलाशपति मंदिर में 17वां ब्रह्मोत्सव 31 से

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(का.स.)।** नेशनल हाईवे पर स्थित श्री यंत्रशिखर युक्त श्री स्वर्ण दुर्गा कैलाशपति मंदिर में 31 जनवरी से 2फरवरी बसन्त पंचमी तक ब्रह्मोत्सव मनाया जाएगा। मन्दिर व्यवस्थापक राजाराम गौतम ने बताया कि तीन दिवसीय प्रोग्राम मे 31जनवरी को भूतेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा गाजेबाजे से स्वर्ण दुर्गा मंदिर पहुंचेगी । मन्दिर में स्थापित देवताओं का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। 1फरवरी को चंडी हवन किया जाएगा। 2फरवरी को सत्यनारायण की कथा फागोत्सव और पूर्णाहुति की जाएगी ।

## थाना प्रभारियो को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा स्थित एएसपी कार्यालय में मालपुरा पुलिस वृत के सभी थाना प्रभारियो की आवश्यक बैठक एएसपी मोटाराम की अध्यक्षता में आहुत हुई।

बैठक में मौजुद थाना प्रभारियो को निर्देश प्रदान करते हुए एएसपी मोटाराम ने मादक प्रदार्थो के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान वाहन चालको को सड़क सुरक्षा नियमो की सख्ती से पालना करवाने, साइबर क्राइम की रोकथा करने तथा साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए जागरूतका अभियान संचालित करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसके अलावा एएसपी मोटाराम ने थाना प्रभारियो को अपने अपने थाना क्षेत्रो में कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मालपुरा पुलिस वृत के सभी थाना प्रभारी मौजुद रहे।

## सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर प्रातः 09.45 बजे होगा माल्यार्पण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(का.स.)।** 23 जनवरी 2025 गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर टोंक मे भारत विकास परिषद , सुभाष सर्किल के स्थानीय व्यापारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर गुरुवार को प्रात: 09.45बजे माल्यार्पण व पुष्पवर्षा कर नेताजी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। इस पुनीत अवसर पर सुभाष सर्किल पर प्रात: 09.45 बजे पधार कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भारत की आज़ादी में उनके महान योगदान को याद कर पुष्पांजलि अर्पित करने का सभी से आग्रह है।

## शक्ति दिवस पर गर्भवतियों, बच्चों को पिलाई आयरन की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है! इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया। साथ ही सभी को मौसमी बीमारियों व शीतलहर से बचाव की जानकारी प्रदान की गई। सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई।

## विभिन्न मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी की ब्लाक कार्यकारिणी ने विभिन्न मांगो को लेकर तहसीलदार पवन मातवा को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को सौंपे ज्ञापन में तहसीलदार पदो पर मंत्रालयिक संवर्ग के कर्मचारियो का कोटा यथावत रखने, सरकार द्वारा प्रस्तावित मंत्रालयिक निदेशालय के गठन में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियो को शामिल नहीं करने, उपखण्ड अधिकारी कार्यालयो में कार्यभार के अनुसार नवीन पदो का सूजन करने, स्वीकृत नए जिलो में स्थाई रूप से मंत्रालयिक कर्मचारियो के पद स्वीकृत करने, राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियो को भी प्रशासनिक कार्यालयो के समान पदनाम एवं वेतन भत्ते दिए जाने सहित अन्य मांगे शामिल है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि मांगो पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आन्दोलन किया जाएगा।

## सवाई माधोपुर स्थापना दिवसः रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा सवाई माधोपुर के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय समारोह के अन्तर्गत आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में रविवार को दशहरा मैदान में हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, उप वन संरक्षक सामाजिक वानिकी श्रवण कुमार रेड्डी, सहायक निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, पर्यटन अधिकारी सिराज कुरैशी सहित अन्य अधिकारी व आमजन ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी। कृषि मंत्री ने कहा कि स्थापना दिवस जैसे कार्यक्रमों में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए इसके लिए विभिन्न मीडिया, सोशल मीडिया तथा माईक के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को इन कार्यक्रमों की सूचनाएं प्रेषित की जाएं ,ताकि वे समय निकालकर उन कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर के विकास के लिए यहां के किसानों का विकास आवश्यक है। सवाई माधोपुर में अमरूदों की प्रसंस्करण ईकाइ लगाने हेतु विभाग द्वारा निरन्तर प्रयास किए जा रहे है। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि सभी इस अवसर पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि स्थापना दिवस के कार्यक्रमों से जुड़ाव हो सकें। इस अवसर पर स्थानीय प्रतिभाओं रणथम्भौर चिल्ड्रन एकेडमी की बालिकाओं द्वारा केसरिया बालम, सेन्ट नामदेव पब्लिक स्कूल की बालिकाओं द्वारा कालबेलिया नृत्य, जयपुर के विमल कुमार जैन द्वारा भक्ति संगीत, गुजरात के नीतिन दवे एण्ड पार्टी द्वारा गरबा रास, निवाई के रामप्रसाद शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा कच्ची घोड़ी अलगोजा नृत्य, टोंक के हेमलता कुशवाह एण्ड पार्टी द्वारा चक्का/मटका भवंई, चाकसू के यशोदा नंदन एण्ड पार्टी द्वारा चरी नृत्य, जोधपुर की दर्रे खान एण्ड पार्टी द्वारा डेजर्ट सिम्फनी, छबड़ा बांरा की सविता एण्ड पार्टी द्वारा कालबेलिया नृत्य एवं निवाई टोंक के कृष्णा एण्ड पार्टी द्वारा कृष्णरास फूलों की होली पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## जार मालपुरा की कार्यकारिणी गठित, त्रिलोक जैन अध्यक्ष मनोनीत

### समन्वय व ईमानदारी से कार्य करने की दी सीख



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षेत्र के सभी पत्रकारो की मंगलवार को आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जर्नलिस्ट एसोशियसन आफ राजस्थान की मालपुरा ब्लाक की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में जार के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार करणानी व जार के जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा की अनुमति से जार मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में मालपुरा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार त्रिलोक चन्द जैन को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में सचिव पद पर महेन्द्र जैन लावा वालो को, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रहलाद शर्मा को, उपाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सिंह नरूका, कोषाध्यक्ष पद पर अर्पित पारीक को, संगठन मंत्री पद पर लोकेश पारीक, सरंक्षक पद पर कृष्णचन्द्र विजय (रामजीलाल विजय) व राकेश पारीक तथा सह सचिव पद पर रवि शर्मा को एवं कार्यकारिणी सदस्यो के रूप में आशिष जैन, मुजाहिद हाशमी, पवन टेलर, व देवीशंकर सोनी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में मोजुद पत्रकारो ने नए अध्यक्ष जैन सहित सरंक्षक विजय का मालाऐं पहना कर स्वागत किया। वहीं अध्यक्ष जैन ने अपने सम्बोधन में सीख देते हुए कहा कि समन्वय, सहयोग व ईमानदारी ने लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ माने जाने वाले पत्रकार के पेशे का मान बढ़ायें।

## पवन जैन ब्लाक अध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा निवासी युवा समाजसेवी पवन जैन संगम को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की मालपुरा ब्लाक शाखा के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रवि अग्रवाल निवाई व प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग के निर्देशानुसार मालपुरा ब्लाक अध्यक्ष के पर पवन जैन संगम को मनोनीत कर आगामी 15 दिन में अपनी कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश प्रदान किए है। गौरतलब है कि पवन जैन रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन, रोटरी प्रान्त, श्री छतेश्वर महादेव मन्दिर विकास समिति, श्री राम धर्मशाला समिति, अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, अग्रवाल समाज सहित अन्य समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संस्थाओ से जुड़े रहकर समाज व जरूरतमंद लोगो की सेवा का कार्य कर रहे हैं। इधर जैन के ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत होने पर भागचन्द कागला, भागचन्द गणवरिया, रघुनन्दन गोयल टोंक, मुकेश मेहरू, महेश ठेग्या, राकेश नेवटा, अशोक लावा सहित अन्य कई समाजबंधुओ ने नवनियुक्त जैन को बधाई देकर जिला व प्रदेश पदाधिकारियो का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## 29 जनवरी गांव बंद अभियान का पलेई ग्राम पंचायत से हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (मनीष शर्मा)।** निवाई में 29 जनवरी गांव बंद अभियान का मंगलवार को पलेई ग्राम पंचायत से शुभारंभ हुआ।ब्लॉक अध्यक्ष किसान महापंचायत दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के आह्वान पर निवाई तहसील के 206 गांव बंद रहेंगे को लेकर किसान महापंचायत पदाधिकारीयो ने कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत पलेई से किया 29 जनवरी मंगलवार को राजस्थान में गांव बंद आंदोलन होगा जिसका अभिप्राय गांव का व्यक्ति गांव में गांव का उत्पादन गांव में रहेगा जिससे राजस्थान के 45537 गांव को इस आंदोलन में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है जिससे निवाई तहसील के 206 गांव बंद रहेंगे आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर बस जीप रेल या अन्य किसी भी यातायात साधन का उपयोग नहीं किया जाएगा यदि किसी को गांव का कोई उत्पाद खरीदना होगा तो उसे गांव में जाकर खरीदने की सुविधा रहेगी इससे खरीदने वाले को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सकेगा गांव बंद का प्रयोग ब्रह्मास्त्र के रूप में किया जाएगा परिणाम स्वरूप मोलभाव की शक्ति किसान के पास आ जाएगी वह अपने उत्पाद का दाम खुद निर्धारण कर सकेगा गांव बंद स्वेच्छा पर आधारित होगा जिसमें सत्य शांति अहिंसा के व्रत का पालन किया जाएगा जिसका प्रमुख उद्घोष खेत को पानी फसल को दाम होगा खेत को पानी के लिए सिंचाई योजनाएं प्राथमिकता से बनाने तथा फसल को दाम के लिए खराबे की सतिपूर्ति के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी कानून अति शीघ्र बनाने आज ग्राम पंचायत बनस्थली जोधपुरिया चतुभुजपुरा राहोली गुणसी मुंडिया आदि का दौरा किया इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी जिला अध्यक्ष गोपी लाल जाट सीताराम कदवाल सूरज नारायण चौधरी शिवराज चौधरी गोविंद चौधरी प्रहलाद अनाड़ी गीता देवी मीराबाई गोपी पटेल रामस्वरूप चौधरी सीताराम मदन गोपाल आदि उपस्थित थे।

## ट्रैफिक नियमों का पालन करने वालों को दिया गुलाब:सड़क सुरक्षा अभियान में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (मनीष शर्मा)।** निवाई पुलिस थाना द्वारा संचालित यातायात जागरूकता अभियान को लेकर विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा को लेकर अनूठी पहल की। यातायात पुलिस ने नियमों का पालन करने वाले नागरिकों का फूल देकर सम्मान किया। पुलिस ने बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही हमेशा हेलमेट का उपयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पुलिस ने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर विशेष जोर दिया। साथ ही तेज गति से वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठने और चार पहिया वाहनों में काली फिल्म न लगाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के बारे में बताया। पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर 35 चालान किए गए। इस दौरान यातायात प्रभारी सांवरमल जाट, भागचंद, उगन्ता, जयप्रकाश मौजूद थे।

## रामानंदाचार्य का जयंती समारोहपूर्वक मनाई

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आलनपुर स्थित एक गार्डन में वैष्णव ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में जगतगुरु रामानंदाचार्य जी का जयंती महोत्सव समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विष्णु स्वामी जी महाराज वृंदावन वाले रहे। वैष्णव समाज के छोटू लाल वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विष्णु स्वामी महाराज ने द्वारा दीप प्रज्वलित किया ! मुख्य अतिथि विष्णु स्वामी महाराज ने वैष्णव समाज के युवाओं सहित महिला पुरुषों को समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं समाज के लोगों को प्रेरित करते हुए महाराज ने कहा कि हमें हर संभव कोशिश करते रहना चाहिए और समाज को आगे बढ़ाने के लिए नई नई विचारधाराओं को अपना कर उन पर अमल करना चाहिए जिससे कि हम समाज को आगे की ओर अग्रसर कर सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिलाएं पुरुष शामिल हुए।

## कॉलेज शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य के पद पर अंग्रेजी विषय में सुश्री सुमन खंगार का हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में कॉलेज शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य के पद पर अंग्रेजी विषय में सुश्री सुमन खंगार का सफल चयन हुआ है । इन्होंने चयन परीक्षा में 88वीं रैंक हांसिल की है । अपनी सफलता का श्रेय सुमन खंगार ने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया । इनके पिता किशन खंगार टोंक कलेक्ट्रेट कार्यालय में वाहन चालक के पद पर कार्यरत है इनकी माता भुनेश्वरी खंगार एक सफल गृहणी है।

## डायमण्ड जुबली जम्बूरी मानापराल त्रिचीपल्ली तमिलनाडू के लिए जिला दल रवाना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में 28 जनवरी से 3 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाली 75वीं वर्षगाँठ पर स्काउट व गाइड की डायमण्ड जूबली जम्बूरी शिपकॉट इंडस्ट्रीयल पार्क (शिपकॉट कैम्पस) मानापराल त्रिचीपल्ली जिला चित्री तमिलनाडू जिला सवाई माधोपुर से चयनित स्काउट व गाइड ग्रुप संहभागिता करेंगे। सी.ओ. स्काउट व गाइड दिव्या ने बताया कि जम्बूरी में सवाई माधोपुर जिले से स्काउट ग्रुप राजेन्द्र कुमार लिम्बा स्काउटर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रिवाली बामनवास के नेतृत्व में 8 स्काउट व ज्योति लिम्बा के नेतृत्व में गार्गी ओपन गाइड कम्पनी की 8 गाइड सहभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि 22 से 24 जनवरी तक राज्य प्रशिक्षण केंन्द्र जगतपुरा जयपुर जम्बूरी तैयारी प्रशिक्षण शिविर के भाग लेंगे। 24 जनवरी, 2025 को जम्बूरी हेतु जयपुर से रवाना होंगे। डायमण्ड जम्बूरी हेतु मंगलवार को रिवाली विद्यालय से दल को रवाना किया गया।

जो वहां पर सवाई माधोपुर जिले का नेतृत्व करेंगे।

# कुंभ में महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज का सम्मान

## कुंभ सेवा रत्न और धर्म परमार्थ विभूषण से हुए अलंकृत

बढ़ता राजस्थान

**मेहन्दीपुर बालाजी/प्रयागराज ( भरत सिंह )।** कुंभ 2025 के पावन अवसर पर अखिल भारतीय संत समिति द्वारा महंत नरेश पुरी महाराज को कुंभ सेवा रत्न सम्मान और संयुक्त भारतीय धर्म संसद द्वारा धर्म परमार्थ विभूषण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजसेवा, धर्म और परमार्थ के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और कुंभ मेले में संचालित सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

**कुंभ मेले में महंत नरेश पुरी महाराज के सेवा कार्य :** महंत नरेश पुरी महाराज के नेतृत्व में कुंभ मेले में विशाल अन्नक्षेत्र का संचालन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं और साधु-संतों के लिए अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इन सेवाओं में प्रमुख रूप से कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और साधु-संतों के लिए भोजन सामग्री जैसे चावल, आटा, दाल, तेल, और घी का वितरण। जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं को कपड़ों का वितरण, जो कुंभ के कई स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान मंडपम के अंतर्गत एक विशाल कैंप का संचालन, जहां श्रद्धालुओं को निशुल्क रहने और खाने की सुविधा दी जा रही है। मेहंदीपुर बालाजी सेवा शिविर में भी आवास और भोजन की निशुल्क सुविधा के साथ निरंतर भंडारा संचालित हो रहा है। साधु-संतों की सेवा के लिए कुंभ मेले में समय-समय पर भव्य साधु भंडारे का आयोजन। ठंड से बचाने के लिए श्रद्धालुओं को गर्म कंबलों का वितरण, जिसमें अब तक 10,000 कंबल वितरित किए जा चुके हैं।

**धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां :** कुंभ मेले में महंत नरेश पुरी महाराज के मार्गदर्शन में रामचरितमानस, श्रीमद् भागवत, विष्णु सहस्त्रनाम, और श्री सूक्त जैसे धार्मिक ग्रंथों का नियमित पाठ। प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा हर शाम भजन संध्या का आयोजन, जो श्रद्धालुओं और संतों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान कर रहा है।



**सम्मान समारोह में संतों का संबोधन :** इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राधे बाबा निर्मोही ने महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा महंत नरेश पुरी महाराज का जीवन धर्म, सेवा और परमार्थ की मिसाल है। कुंभ मेले में उनकी सेवाएं न केवल श्रद्धालुओं और संतों के लिए लाभकारी हैं, बल्कि यह समाज में अनुकरणीय प्रेरणा भी देती हैं। संयुक्त भारतीय धर्म संसद के अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर ने अपने संबोधन में कहा कि महंत नरेश पुरी महाराज ने धर्म और सेवा को एक नई दिशा दी है। उनके द्वारा संचालित कार्य न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज को एकजुट और समृद्ध बनाने में भी सहायक हैं।

## राजस्व विभाग के पटवारियों ने नोवें दिन भी धरना जारी रखा, सरकार से दस सूत्रीय मांगे माने जाने की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान पटवार संघ जिला शाखा ब्यावर के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नोवें दिन भी धरना जारी रहा। सभी पटवारियों व राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने धरना स्थल पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर शीघ्र ही दस सूत्रीय मांगो को मानने की मांग की है। जिला शाखा ब्यावर के अध्यक्ष मूलाराम भाटी ने बताया कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों को पिछले कई बार आश्वासन देकर पटवारियों को तकनीकि पद घोषित करते हुए ग्रेड पे 3600 (एल-10) किया जाने की को कहा था लेकिन आज तक नहीं हुआ है। इसी तरह गिरदावरी एप्प में पटवार संघ के ज्ञापन क्रमांक 101, दिनांक 27 दिसम्बर 24 के अनुसार अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाये जाने का कहा मगर नहीं हुआ। ऐसे कई मामले हैं जिस पर राज्य सरकार विफल रही है। 24-25 में बजट घोषणा के तहत डेस्कटॉप, लैपटॉप, टेबलेट व प्रिंटर सहित कई सामान देने को कहा था लेकिन अभी तक पटवारियों को कुछ नहीं मिला है। जिलाध्यक्ष भाटी ने कहा कि यदि शीघ्र ही मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलनात्मक रुख अपनाया जायेगा। मंगलवार को धरने पर जिलाध्यक्ष मूलाराम भाटी, ललिता सुवासिया, गोपाल गुर्जर, प्रेम प्रजापत, दिनेश गुर्जर, राहुल गवारिया व आनन्द मेघवाल आदि लोग धरने पर बैठे थे।

## ध्वजारोहण के समय भारतीय झंडा संहिता, 2002 का करें पालन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे गणतंत्र दिवस समारोह को उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाएं। साथ ही ध्वजारोहण एवं अन्य आयोजनों के समय भारतीय झंडा संहिता, 2002 की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के साथ राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में अद्वितीय स्थान रखता है। उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण प्रयोग/संप्रदर्शन राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित है। भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपडे से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गई। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर/ऊनी/सिल्क/खादी के कपड़े से बनाया गया हो। जनता का कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर-सरकारी संगठन अथवा कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों, औपचारिकताओं या अन्य अवसरों पर फहरा/प्रदर्शित कर सकता है, बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा जाये। भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 19 जुलाई 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया एवं भारतीय झंडा संहिता के भाग-2 की धारा 2.2 (11) के अनुसार जहाँ झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है। राष्ट्रीय झंडे का आकर आयताकार होगा। यह किसी भी आकार का हो सकता है परन्तु झंडे की लम्बाई और ऊंचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3:2 होगा। जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला-कुचैला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाए। झंडे को किसी अन्य झंडे अथवा झंडों के साथ एक ही ध्वज-दंड से नहीं फहराया जाए। संहिता के भाग-3 की धारा-9 में उल्लखित गणमान्यों जैसे राष्ट्रपति, उप- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के सिवाय झंडे को किसी वाहन पर नहीं फहराया जाएगा। किसी दूसरे झंडे या पताका को राष्ट्रीय झंडे से ऊँचा या उससे ऊपर या उसके बराबर में नहीं लगाना चाहिए। भारतीय झंडा संहिता के भाग-2 के पैरा 2.2 की धारा 10 के अनुसार जनता द्वारा कागज के बने राष्ट्रीय झंडों को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर हाथ में लेकर हिलाया जा सकता है।

## राजस्थान पुलिस अकादमी में रोड सेफ्टी पर दो दिवसीय मंथन आज से

### राष्ट्रीय स्तर के वक्ता सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन पर करेंगे विचार विमर्श

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस तथा परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से राजस्थान पुलिस अकादमी में सडक सुरक्षा के संबंध में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को सुबह 9.45 बजे से होगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस सेंगाथिर ने बताया कि सड़क सुरक्षा के अंतर्गत दुर्घटनाओं में कमी लाने, तकनीकी पहलुओं का उपयोग, यातायत व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने तथा जागरुकता, कानून एवं नियमों की जानकारी के साथ-साथ क्षमता संवर्धन बढाने के सम्बन्ध में बुधवार और गुरूवार को आरपीए में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंथन किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के समस्त जिलों के यातायात प्रभारी व कार्मिक, परिवहन विभाग, नगर निगम, जेडीए, सार्वजनिक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, स्कूलों के विधार्थी, एनसीसी, एनएसएस के कैडेट आदि भाग लेंगें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस वी के सिंह, आईआरटीआई नई दिल्ली के प्रेसिडेंट रोहित बलूजा, आईआईटी मद्रास में प्रोफेसर वेंकटेश बाला सुब्रहमण्यम, भूतपूर्व महानिदेशक आईआरसी एस के निर्मल, सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर एनपीए हैदराबाद नुपुर मोदी, मुसकान फाउण्डेशन से डॉ मृदुल भसीन, स्टेट नोडल ऑफिसर राजस्थान एल एन पाण्डे, सीनियर डायरेक्टर आईटी एनआईसी राजस्थान श्रीपाल यादव सहित राष्ट्रीय स्तर के वक्ता सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबन्धन पर अपने विचार रखेंगें।

## स्वतंत्रता सैनानी मनोहर लाल औदिच्य की प्रथम पुण्यतिथि पर कल होगें विविध आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जिला स्वतंत्रता सैनानी उत्तराधिकारी संगठन की ओर से स्व्त्रतंत्रता सैनानी स्व. मनोहरलाल औदिच्य की प्रथम पुण्यतिथि पर 23 जनवरी को ब्रह्मपुरी स्थित गरबा चौक पर विविध आयोजन किये जायेंगे। संगठन के संस्थापक प्रमोदकुमार वर्मा ने बताया कि प्रातः साढ़े नौ बजे से साढ़े दस बजे तक श्रद्धांजली कार्यक्रम के बाद राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी, विधायक, स्व्यंसेवी संगठना के पदाधिकारीगण एवं जिला स्वतत्रंता सैनानी उत्तराधिकारी संगठन के सदस्य स्व. मनोहरलाल औदिच्य के जीवन पर प्रकाश डालेंगे।

### शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 20 वे दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में 13 वे दिन क्रमिक अनशन धरने पर वकील और जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान




**शाहपुरा( कमलेश अग्रवाल )।** दिनांक 21-1-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर 13 वे दिन वकील ओर जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया । संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा व सयोंजक रामप्रसाद जाट के नेतृत्व में क्रमिक अनशन धरने पर वकील और जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा के सदस्य गण बैठे । शाहपुर जिले को समाप्त करने विरोध में और वापस शाहपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर वकील और जिला बचाओ शंकर समिति के सदस्य धरना स्थल पर नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम तहसीलदार शाहपुरा को ज्ञापन दिया। इस मौके पर अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पथरिया सह सचिव कमलेश मुंडेतिया कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश पाठक पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद सिंह हाडा त्रिलोक चंद्र नौलखा कल्याणमल धाकड़ दिनेश चंद्र व्यास अनिल शर्मा रामप्रसाद जाट नमन ओझा अंकित शर्मा लालाराम गुर्जर राजेश वर्मा शरीफ मोहम्मद आशीष पालीवाल विवेक दाधीच किशन खटीक आशीष भारद्वाज सोहेल खान गणपत बंजारा अरविंद सिंह चौहान विक्रम गुर्जर सहित संघर्ष समिति के रामेश्वर सोलंकी हाजी उस्मान छिपा राजेंद्र बोहरा नरेश बलिया सुनील मिश्रा अशोक भारद्वाज भगवान सिंह यादव अखिल व्यास सौरभ पवन पोरवाल नूर मोहम्मद रंगरेज,सदिक पठान ताज मोहम्मद कैलाश फामड़ा सहित कई सदस्यों ने धरने पर बैठकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार शाहपुरा को शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन सोपा। कहार समाज शाहपुरा 22 जनवरी को क्रमिक अनशन धरना देगा।

## आजाद युवा संगठन ने किया थानाधिकारी का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** आजाद युवा संगठन सरदारशहर द्वारा आज थानाधिकारी मदन बिश्नोई का भव्य स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मास्टर तोलाराम गॉड और अध्यक्ष मालाराम कुमावत द्वारा थानाधिकारी का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया और उनके पिछले शानदार कार्यकाल के बारे चर्चा की और सदस्यों को अवगत करवाया कि उनका पिछला कार्यकाल सरदारशहर में बहुत ही शानदार रहा और ये कार्यकाल भी उनके अच्छे कार्यों और मेहनत की वजह से शानदार रहेगा। संगठन के उपाध्यक्ष अशोक पारीक द्वारा भी इनके गत वर्ष के अच्छे कार्यकाल के बारे में सराहना की गई इस उपलक्ष पर सभी सदस्यों द्वारा थानाधिकारी को माला पहनाई गई और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनिलसैनी, खिराज मेव, सुरेन्द्र शर्मा, बजरंग सेन, सांवरमल, मानकचंद मास्टर, नरपत सिंह, इंद्राज स्वामी, ओमप्रकाश, रामसिंह, रामूनाथ, सांवरमल जाखड़ ,किशन लाल हंसराज सिद्ध आदि मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत राजस्थान मरु उड़ान कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सोमवार को मरु उड़ान राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन चूरू ब्लॉक के खेमका विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग सुपरवाइजर कृष्णा ने बालिकाओं को शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मरक्षा तथा राज्य सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरूक किया तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण ट्रेनर अंजना पूनिया ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं समान योजना केंद्र के काउंसलर सुमन चौधरी, मंजू दहिया, रौशनी, रमा और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## जिला बाल वाहिनी समिति की बैठक सम्पन्न, जिला पुलिस अधीक्षक ने दिये दिशानिर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आई.पी.एस की अध्यक्षता में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय ब्यावर में जिला बाल वाहिनी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान रामकृष्ण चौधरी जिला परिवहन अधिकारी ब्यावर, सदस्य सचिव जिला बाल वाहिनी समिति, विद्यालय संचालक तथा बाल वाहिनी के चालक उपस्थित रहे। जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर व सदस्य सचिव बाल वाहिनी समिति जिला ब्यावर के द्वारा बाल वाहिनी के संचालन को सुरक्षित और कुशल बनाने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों की पालना स्कूल प्रशासन, ड्राइवर, कंडक्टर और अभिभावकों को करना अनिवार्य होगा।



### प्रमुख दिशा निर्देश इस प्रकार है

- वाहनों की स्थिति और रखरखाव- सभी स्कूल वाहनों को नियमित रूप से सर्विसिंग और मेंटेनेंस से गुजरना होगा ताकि वे सही स्थिति में रहें। वाहन का इंजन, ब्रेक, स्टीयरिंग और अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों की जांच हर 6 महीने में अनिवार्य रूप से की जाएगी।
- सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता- सभी बाल वाहिनियों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स होना अनिवार्य है,जो आपात स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान कर सके। अग्निशमन यंत्र हर वाहन में उपलब्ध होना चाहिए और इसे उपयोग करने के लिए ड्राइवर और कंडक्टर को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक बस में इमरजेंसी एग्जिट का स्पष्ट संकेत होना चाहिए।
- ड्राइवर और कंडक्टर की योग्यता और आचरण- ड्राइवर को स्कूल वाहन चलाने का न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव होना चाहिए और उसके पास वैध भारी वाहन लाइसेंस होना चाहिए। ड्राइवर और कंडक्टर का नियमित रूप से पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा, साथ ही बच्चों के प्रति शिष्ट और संवेदनशील होना चाहिए।
- कानूनी और प्रशासनिक कार्यवाही- यदि कोई वाहन या ड्राइवर इन दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसमें वाहन का पंजीकरण रद्द करना, ड्राइवर का लाइसेंस निलंबित करना, और जुर्माना लगाना शामिल होगा। वाहन की नियमित जांच की जाएगी।

## श्री राजपूत सभा संस्थान, ब्यावर जिला के अध्यक्ष पद पर चाँदारुण निर्विरोध निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** श्री राजपूत सभा संस्थान, ब्यावर के चुनाव रविवार को शिवनाथपुरा स्तिथ राजपूत छात्रावास में सम्पन्न हुए ! संस्थान के मुख्य महासचिव नन्दलाल सिंह बाबरा ने बताया की ब्यावर जिले के सेंकड़ो समाज बन्धुओं की उपस्थिति में आम सभा हुई, जिसमें मुख्य महासचिव द्वारा विगत कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया !

इसके बाद निर्वर्तमान अध्यक्ष विजेंद्र सिंह रुपपुरा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, ब्यावर जिला नवगठन के बाद इसमें शामिल जैतारण, रायपुर, बदनौर, मसूदा, विजयनगर तहसीलें राजपूत बाहुल्य है, समाज के सर्वागीण विकास व राजनैतिक रूप से मजबूती के लिए समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। रुपपुरा ने संस्थान अध्यक्ष पद के लिए पूर्व सरपंच व उद्योगपति अजीत सिंह चाँदारुण के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका नाथू सिंह सबलपुरा, पूर्व अध्यक्ष सायर सिंह बिनजारी, वरिष्ठ समाज सेवी राम सिंह हाजिवास,पूर्व निरिक्षक रणवीर सिंह खोजास ने समर्थन किया। इसके पश्चात् उपस्थित समाज बंधुओ ने सर्वसम्मति से चाँदारुण को अध्यक्ष पद पर हाथ खड़े करके समर्थन व्यक्त किया ! उल्लेखनीय है कि चाँदारुण वर्तमान में नागौर जिले की डेगाना विधानसभा के भी लगातार दूसरी बार राजपूत समाज के निर्विरोध अध्यक्ष है! नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, समाज ने मेरे ऊपर जो विश्वास व्यक्त कर जिम्मेदारी सोंपी है उसका पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से निर्वहन करूंगा, मेरी प्राथमिकता में समाज की सम्पतियों का जीर्णोद्धार, प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, नौकरीयों व खेल में आगे बढ़ाना, सामाजिक व राजनैतिक रूप से समाज को संगठित करके जिले में सशक्त युवाओं की टीम तैयार करना !





सभा में पूर्व कोषाध्यक्ष भवानी सिंह प्रागपुरा, रघुवीर सिंह मोरसर, मदन सिंह उदयपुरवाटी, बच्चन सिंह शिवनाथपुरा, शैतान सिंह शिवनाथपुरा, सुधीर तोमर, नगेंद्रपाल सिंह जालिया, रोहित सिंह नाथावत, महावीर सिंह, रविन्द्र सिंह दादिया, प्रमोद सिंह पंवार, दशरथ सिँह रावनियां, श्याम सिंह भांकरोद,दलपत सिंह शिव नाथपुरा, जगदीश सिंह बांजाकुड़ी, पूर्व सरपंच उमराव सिंह, महेंद्र सिंह चाँदारुण, सुरेंद्र सिंह गाँवड़ी, गणपत सिंह बनवाड़ा, दिलीप सिंह उदयपुरवाटी ,सुल्तान सिंह बूंटिवास , सुमन सिंह शेखावत, रणजीत सिंह, सुमेर सिंह आदि सेंकड़ो की संख्या में समाज बंधुओ ने भागीदारी निभाई !

## कंटेनर ट्रेलर में घुसने से चालक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दौतलपुरा थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में कंटेनर चालक की मौत हो गई। जो कंटेनर में सामान भरकर दिल्ली से मुंबई लेकर जा रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस फरार ट्रेलर व ड्राइवर की तलाश कर रही है।

हेड कांस्टेबल सुखीराम ने बताया कि हादसे में रुद्र बहादुर थापा (49) निवासी अहमदाबाद गुजरात की मौत हो गई। वह कंटेनर चलाने का काम करता था। वह कंटेनर में दिल्ली से माल भरकर मुम्बई जा रहा था और मंगलवार सुबह दौलतपुरा टोल प्लाजा से पहले बगवाड़ा में ओवर स्पीड ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। उसके पीछे चल रहे कंटेनर चालक रुद्र बहादुर ने ब्रेक लगाकर रोकने का प्रयास किया। समय रहते रोक नहीं पाने के कारण ट्रेलर के पीछे कंटेनर जा घुसा। हादसे के बाद मौके से चालक ट्रेलर को भागा ले गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने कंटेनर के क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। और पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रेलर व ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

# देलवाड़ा की बालिका विद्यालय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समायोजित करने पर ग्रामीणों ने जड़े ताले

## पांच दिन में आदेश निरस्त नहीं हुए तो देलवाड़ा के सभी गावों की स्कूल में लगेगें ताले

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय देलवाड़ा को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देलवाड़ा में समन्वित करने के मामले को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने स्कूल पर ताले जड़ दिये। ग्रामीणों की मांग थी कि जब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए करीब साढे चार करोड़ रुपये के बजट से नये भवन बनाने के लिए स्वीकृत हुए हैं तो आखिर बालिका विद्यालय को देलवाड़ा के दूसरे विद्यालय में समन्वित किया है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि आगामी 5 दिनों के भीतर यदि समन्वित करने के आदेश निरस्त नहीं होते हैं तो शीघ्र ही देलवाड़ा ग्राम पंचायत की तमाम गांव की स्कलों में तालाबन्दी की जायेगी। देलवाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच पति राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पिछले 40-45 वर्षों से चल रहा है। ऐसे में इस विद्यालय में पढने वाली करीब 300 से अधिक बालिकों का भविष्य अंधकार में पड़ जायेगा। विद्यालय में आज से परीक्षा आरम्भ होने वाली थी वहीं तालाबन्दी के दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कविता मौर्य व अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह आदि मौके पर पहुँच गये। इन्हें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की पीईईओ विनिता बंसल ने ग्रामीणों की मांग की पर सूचना देकर बुलवाया था। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती कविता मौर्य ने ग्रामीणों व सरपंच पति राजेन्द्र सिंह चौधरी से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया उसके बाद विद्यालय पर लगे ताले खोल दिये। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य विनिता बंसल ने बताया कि जब वह स्कूल पहुँची तो विद्यालय पर ताला लटका था ग्रामीण विद्यालय के समन्वित करने का विरोध कर रहे थे और उच्चाधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे।

### शिक्षा विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद खोला ताला

ऐसे में मैने मेरे उच्चाधिकारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सूचना दी और मौके पर उन्हें आने का अनुरोध किया ताकि बच्चों के परीक्षा है तो समय पर स्कूल खुल जाये और परीक्षायें आरम्भ हो सके। कुछ देर बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुँच गये और विद्यालय का ताला खुलवाकर उन्हें आश्वस्त किया कि विद्यालय का नया भवन बन रहा है ऐसे में विद्यालय समन्वित नहीं होगा।

ग्रामीमों ने ताला खोलकर बच्चों को व विद्यालय स्टॉफ को स्कूल में जाने दिया। विद्यालय में बैठकर ग्रामीणों ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कविता मौर्य व अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह को जानकारी उपलब्ध करवाई, और बताया कि आगामी पांच दिनों में विद्यालय का समन्वित किये जाने के आर्डर निरस्त नहीं हैं तो आगामी पांच दिनों बाद देलवाड़ा ग्राम पंचायत के जिन-जिन गांवों में विद्यालय चल रहे हैं उन सभी में तालाबन्दी की जायेगी।



# केकड़ी में अधिवक्ताओं ने मनाया पौष बड़ा उत्सव, बालाजी की विशेष पूजा अर्चना कर बांटा प्रसाद

## बार अध्यक्ष आहूजा के जन्मदिवस पर हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** बार एसोसिएशन केकड़ी द्वारा केकड़ी कोर्ट परिसर स्थित बालाजी मंदिर में पौष बड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने बालाजी महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर पौष बड़े का भोग लगाया तथा प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र हेमानी थे, जबकि अध्यक्षता बार अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र जोशी व जे पी सोनी, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ मुकेश माथुर व वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद सईद नकवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यह कार्यक्रम बार अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा के जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया। प्रारम्भ में अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा का अभिनंदन किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बार अध्यक्ष मनोज आहूजा सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है। वे हमेशा जरूरतमंद की मदद करते हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में मनोज आहूजा के पदासीन होने के बाद बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल उभर कर सामने आया है, जिससे न्यायालय में आने वाले हर पक्षकार को त्वरित न्याय मिल रहा है। बार के क्रिया कलापों में जूनियर अधिवक्ताओं को भी समान रूप से तवज्जो दिए जाने से उनमें भी उत्साह का संचार हुआ है। कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ अधिवक्ता सलीम गौरी व सोनिया सेन ने गीत व गजलों के माध्यम से अपनी रचनाएं पेश की। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण हावा, सुरेंद्र सिंह राठौड़, भंवर सिंह राठौड़, मदनलाल लोढ़ा, हेमंत जैन, भूपेंद्र सिंह राठौड़, रामावतार मीणा, बिशन सिंह राजावत, लोकेश शर्मा, मुकेश गुर्जर, भावेश जैन, रवि शर्मा, भेरू सिंह राठौड़, सांवरलाल चौधरी, हेमराज कानावत, विजेंद्र पाराशर, शिवप्रसाद पाराशर, मुकेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह राठौड़, रामेश्वर कुमावत, हरिराम चौधरी, निर्मल चौधरी, मोहिंद्र जोशी, महावीर गुर्जर, महेंद्र चौधरी, कुश बागला, राकेश गुर्जर आदि अधिवक्तागण तथा मुंशीगण व न्यायिक परिवार मौजूद था।

# केकड़ी से जिले का दर्जा छीनना आम जनता के साथ अन्याय -बार एसोसिएशन

## सरकार के फैंसला वापस लेने तक जारी रहेगा आंदोलन, लगातार 20वें दिन दिया धरना




बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिला बचाओ अभियान के तहत बार एसोसिएशन द्वारा 2 जनवरी से चल रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को 20वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने एकराय होकर धरना स्थल पर कहा कि जब तक सरकार अपना जन विरोधी फैंसला वापस नहीं लेती, अधिवक्ता यूं ही सरकार के फैसले के खिलाफ डटे रहेंगे और अपना आंदोलन जारी रखेंगे। केकड़ी बार एसोसिएशन के बैनर तले वकील केकड़ी को जिले का दर्जा वापस दिए जाने की मांग को लेकर लगातार धरना दे रहे हैं। मंगलवार को यह धरना 20वें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार के फैंसले का खामियाजा केकड़ी की जनता भुगत रही है। सरकार का दायित्व है कि जनता की समस्याओं का निराकरण करें, लेकिन राज्य की भजनलाल सरकार ने उल्टे जनता की परेशानियां बढ़ा दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामावतार मीणा व भूपेंद्र सिंह राठौड ने आरोप लगाया कि जिला हटाने का निर्णय राजनीतिक कारणों से लिया गया है, जो जनता के साथ अन्याय है। अधिवक्ता सलीम गौरी, इमदाद अली, सुरेंद्र सिंह पंवार, और सानिया सेन व रवि पंवार ने कविताओं के जरिए सरकार के फैसले पर सवाल उठाए। उनकी रचनाओं में केकड़ी की ऐतिहासिक और प्रशासनिक महत्ता को रेखांकित किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद पाराशर, महासचिव मुकेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद सईद नकवी, सुरेंद्र सिंह राठौड़, भूपेंद्र सिंह, रामावतार मीणा, रामेश्वर कुमावत, सचिन राव, पवन प्रजापत, कानाराम जाट, खुशीराज चौधरी, केसर लाल चौधरी, शैलेंद्र सिंह देवड़ा व बुद्धिप्रकाश चौधरी आदि अधिवक्तागण मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा

## सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक करेंगे ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9:05 बजे मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड निरीक्षण व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इसके पश्चात महामहिम राज्यपाल का संदेश वचन, मुख्य अतिथि द्वारा संबोधन होगा। इसके पश्चात उल्लेखनीय सेवाओं के लिए पुरस्कार वितरण, व्यायाम एवं जिमनास्टिक प्रदर्शन, सामूहिक नृत्य, झांकी प्रदर्शन के साथ ही राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे जिंक ग्राउंड में जिला प्रशासन एवं पत्रकार के बीच क्रिकेट मैत्री मैच का आयोजन होगा और सायं 4:30 बजे कलक्ट्रेट परिसर में जिला प्रशासन एवं नगर परिषद के मध्य वॉलीबॉल मैच होगा ।

### पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को सायं 6 बजे इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति, भारतीय संस्कृति सहित विविध विषयों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का संकल्प 45 वर्षों से जारी, दल चित्तौड़गढ़ से रवाना

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** गत 45 वर्षों से स्वामी राम दास के पावन स्मृति एवं संत रामज्ञान दास की प्रेरणा से उदयपुर व चित्तौड़गढ़ जिले के चिकित्सकों द्वारा जरूरतमंदों की निःशुल्क सेवा का संकल्प लगातार जारी है। इस बार निःशुल्क स्वास्थ्य कार्य करने वाला नब्बे सदस्यीय चिकित्सा दल 21 जनवरी प्रातः 11.30 बजे ईनाणी मार्बल नरपत खेड़ी चित्तौड़गढ़ से रवाना हुवा। चित्तौड़गढ़ में कैप्टन सुरेश ईनाणी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र अनुज ईनाणी, ज्ञानजी मेहता, इलक्ट्रोपेथी चिकित्सा परिषद के जिला सचिव डॉ मनीष शर्मा, ऋषि गोयल, उद्धवदास रोगानी, आरएसएस के हेमंत जैन, प्रवीण टांक, अनिरुद्ध भाटी, मुकेश लोंगड, ऋषि ईनाणी आदि ने दल को रवाना किया। डॉ जे के छापरवाल एमिरटस प्रोफेसर मेडिसिन उप कुलपतिसाई तिरूपति विश्व विद्यालय उमरडा उदयपुर, शिविर निदेशक राम वन कुटीर आश्रम हैडियाकोल जंगल ने बताया कि सेवा के पुनित कार्य के लिए जाएंगे। डॉ. छापरवाल ने बताया कि यह दल उत्तरप्रदेश के बाराबंकी के हंडियाकोल जंगल स्थित श्रीराम वन कुटीर आश्रम में जरूरतमंदों की स्वास्थ्य सेवा के लिए आयोजित होने वाले निःशुल्क चिकित्सा शिविर में रोगियों की चिकित्सा करेगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 40 चिकित्सक, 60 नर्सिंग स्टाफ, 10 वैद्य, 5 टेकनीशियन सहित वार्ड बॉय, आया व समाजसेवी तथा इनके अतिरिक्त कोलकत्ता, अहमदाबाद, भिवानी, दिल्ली, जयपुर, लखनऊ व हरियाणा के चिकित्सक भाग लेंगे। मोतियाबिंद, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, गर्भाश्य अन्य में ट्यूमर आदि के कई ऑपरेशन हो चुके है। टीम में डॉ जे के छापरवाल एमिरटस प्रोफेसर मेडिसिन उप कुलपतिसाई तिरूपति विश्व विद्यालय उमरडा उदयपुर, शिविर निदेशक राम वन कुटीर आश्रम हडियाकोल जंगल, बाराबंकी (उप्र) सर्जन डॉ एस के सामर, डॉ एच एस राठौड़, डॉ राज बीर सिंह, डॉ एस एस भारद्वाज, पूर्व विधायक (भिवानी हरियाणा), डॉ एल एल सेन, डॉ नीलाभ अग्रवाल, (लखनऊ) डॉ गुमान सिंह पिपारा, (कोलकत्ता), डॉ बी एस बाबेल (जयपुर) एनेस्थीसिया डॉ अर्चना अग्रवाल (लखनऊ), डॉ शरद नलवाया (गंगापुर) वैद्य लक्ष्मीकान्त आचार्य, जयन्त व्यास, अरुण व्यास, नर्सिंग स्टाफ संपत बराला, सुखलाल धाकड़, संतोषपुरी (उदयपुर), सुरेश लॉवटी (कुरज), दीपचंद रेगर (रेलमगरा) वार्ड बॉय हीरालाल खटीक, चमन लाल, रतन देवी, शिव लाल, समाजसेवी प्रकाश देवपुरा, दीपक पोद्दार, बुद्धिप्रकाश पारीक, भगवती लाल शर्मा, विदेश जीनगर आदि अपनी सेवाएं देंगे।

# सरकारी स्कूल में अश्लील हरकतो के वायरल वीडियो

## शिक्षक एवं शिक्षिका दोनो राजकीय सेवा से बर्खास्त'

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** जिले के गंगरार उपखण्ड के सालेरा स्कूल में संस्था प्रधान व शिक्षक नेता तथा एक महिला शिक्षिका के अश्लील हरकतों वाले वीडियों के गत दिनों वायरल होने के मामले को राजस्थान सरकार ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में गठित विभाग की समिति की रिपोर्ट के बाद दोनों को ही राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। गत 18 जनवरी को सालेरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विघालय के संस्था प्रधान व शिक्षक नेता अरविन्द नाथ व्यास एवं एक शिक्षिका का संस्था प्रधान के कक्ष में ही अश्लील हरकते करते हुए के वीडियो वायरल हुए थे। इसके बाद पूरे शिक्षण जगत में हड़कंप मच गई। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) राजेंद्र कुमार शर्मा ने संस्था प्रधान अरविन्द व्यास एवं शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया था। इसके बाद यह मामला गंभीर होने से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस पर संज्ञान लेते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक उदयपुर को जांच के निर्देश दिए। इस मामले में सोमवार को एक जांच समिति सलेरा ग्राम पहुंची एवं ग्रामीणों, अभिभावकों और छात्र छात्रा के बयान कलमबद्ध किए। सीसीटीवी के फोटो एवं वीडियो का सत्यापन किया गया। इसके बाद समिति ने शिक्षा निदेशक (प्रारंभिक) को इस मामले में अपनी रिपोर्ट दी जिसमें दोनों को बर्खास्त करने की अनुशंशा की गई। इसके बाद शिक्षा निदेशक के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) राजेंद्र कुमार शर्मा ने शिक्षक अरविन्द व्यास एवं शिक्षिका को राजकीय सेवा से बर्खास्त करने के आदेश जारी कर दिए। आदेश में कहा गया है कि शिक्षक नेता अरविंद व्यास के इस कृत्य ने पूरे प्रदेश की छवि को देशभर में धूमिल कर दिया है।

साथ ही अरविंद व्यास से इस मामले में निलंबित कर जो स्पष्टीकरण मांगा गया था उन्होंने वह भी नहीं दिया। शिक्षा के मंदिर में इस तरह का कृत्य किया जाना बहुत गंभीर मामला है इसलिए उनकी सेवाओं को समाप्त किया जाता है।

# स्कूली बच्चों को दी साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा व पोक्सो एक्ट की जानकारी

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस थाना केकड़ी शहर की ओर से छात्र- छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को साइबर क्राइम से बचाव, सड़क सुरक्षा, और पोक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सब इंस्पेक्टर विजय मीणा व महेश सहित नीरज मीणा ने साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया। उन्हें यह समझाया गया कि कैसे वे फिशिंग, पासवर्ड चोरी और डिजिटल फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों से बच सकते हैं। साथ ही सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और गोपनीयता बनाए रखने के टिप्स साझा किए गए। छात्रों को यह सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपने पर्सनल डिटेल्स को ऑनलाइन साझा करने से बचें।

**सड़क सुरक्षा के नियम व महत्त्व बताए :** राज्य सरकार द्वारा परवाह थीम से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों और उनके महत्त्व के बारे में बताया गया। उन्हें समझाया गया कि सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन क्यों जरूरी है। हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, स्पीड लिमिट का ध्यान रखने और सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के महत्त्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट (बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम) के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या असामान्य व्यवहार की स्थिति में वे पुलिस और संबंधित अधिकारियों की मदद ले सकते हैं।

# श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा मसूदा में स्वेटर, कंबल, मोजै व जरूरतमंद सामान किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** श्री विद्यासागर युवा संगठन दारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मसूदा , जिला ब्यावर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय की 211 छात्राओं को स्वेटर, कंबल, मोजे व पेन आदि सामान का वितरण किया गया। इस मौके पर जैन समाज के जीव-दया श्लोगन का पालन किया गया। छात्राओं को और भी पढाई से संबंधित वस्तुओं का वितरण किया गया। हॉल ही में बने नये संगठन श्री विद्यासागर युवा संगठन के सदस्यों द्वारा छाज्ञ-छात्राओं के हितो को ध्यान में रखते हुए जरुरतमंद छात्रों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर एक मानव सेवा का भी कार्य किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री विद्यासागर महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर णमोकार मंत्र उच्चारण से मंगलाचरण के साथ प्रारंभ किया गया। श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा सरपंच जवरीलाल व प्रिंसिपल पवन शर्मा, अध्यापिका शिप्रा का माला पहनाकर दुपट्टा ओढाकर व साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वेटर वितरण का उद्देश्य ठंड के मौसम में छात्राओं को राहत प्रदान करना और उनकी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने के लिए एक आरामदायक माहौल सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर श्री विद्यासागर युवा संगठन के अध्यक्ष कमल जैन वह मंत्री कल्पेश जैन ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि उनका लक्ष्य शिक्षा को प्रोत्साहन देना और युवाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास छात्राओं के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। संगठन मंत्री अमित गोधा उज्ज्वल काला ने श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित मूक माटी महाकाव्य का व्याख्यान किया।



विद्यालय प्रशासन ने श्री विद्यासागर युवा संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम सर्दियों में छात्राओं के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम का समापन छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान और गर्मजोशी भरे वातावरण के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री विद्यासागर युवा संगठन के अध्यक्ष कमल जैन मंत्री कल्पेश जैन, कोषाध्यक्ष सुमित पहाड़िया. संगठन मंत्री अमित गोधा, उज्ज्वल काला, अंशुल रानीवाला, सन्मति रावका, श्रेणिक छाबड़ा, अक्षत कटारिया, अरुण कासलीवाल, मोहित जैन, यश जैन, लक्की गंगवाल, चंचल जैन, अभिषेक पाटनी, नमन जैन, दीपक सोनी, पीयूष कासलीवाल, मनीष जैन, रौनक जैन, सहित संगठन के सदस्यगण उपस्थित थे।

# पुलिस थाना पारसोली की मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

## सब्जी के कैरिटो की आड़ में अफीम डोडाचूरा की तस्करी, ट्रक से 12 क्विंटल 47 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** जिले की पारसोली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक ट्रक में सब्जी के कैरिटो की आड़ में अफीम डोडाचूरा की तस्करी करते 12 क्विंटल 47 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त कर कार से ट्रक की पायलेटिंग करते दो आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत थानाधिकारी पारसोली प्रेमसिंह के नेतृत्व में कानि मनोज, प्रीतम, शीशराम, जितेन्द्र, रतनसिंह व हरिकृष्ण द्वारा मादक पदार्थों की धरपकड हेतु गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान सूचना के आधार पर हाईवे रोड पारसोली बस स्टेण्ड पर नाकाबंदी की जाकर आकस्मिक चेकिंग की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान चितौडगढ की तरफ से एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार आई जिसमें सवार दो युवको को रुकवाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर राजगढ़ की तरफ से अफीम डोडाचूरा से भरा हुआ ट्रक आना एवं ट्रक के आगे आगे चलकर पायलेटिंग करना बताया। दोनो युवको से पूछताछ के दौरान चितौडगढ से एक ट्रक आया जिसके पीछे की बॉडी पर काला तिरपाल बांधा हुआ था। ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली गई तो ट्रक के केबिन में दो व्यक्ति मिले। जिनके नाम पते पूछने पर दोनो ने अपना नाम बेगूं थाने के



झाला मस्जिद के पास सलावटो का मोहल्ला बेगूं निवासी वसीम खां उर्फ पाले खां पुत्र मोहम्मद रफीक व रिजवान हुसैन पुत्र जमील खां पठान होना बताया। ट्रक के अन्दर सब्जी के प्लास्टिक के कैरिट भरे हुए पाये गए। ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक के अन्दर प्लास्टिक के कैरिटो की आड में अफीम डोडाचूरा से भरे हुए 59 कट्टे भरे हुए पाये गए।

# देवली में पालिका ने हॉर्टिकल्चर कार्य के नाम पर 57 लाख रुपए तो खर्च किये लेकिन हॉर्टिकल्चर कार्य नीति पर नहीं हुआ कार्य

## हॉर्टिकल्चर को संशय विज्ञान कहते हैं लेकिन लाखों खर्च के बाद भी यहां ऐसा कुछ नहीं

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** विकास कार्यों की आड़ में भ्रष्टाचार करने की बद नियति देखनी हो तो देवली नगर पालिका के द्वारा करवाएं गए कार्यों में साफ तौर पर देखी जा सकती है। इतना ही नहीं देवली नगर पालिका प्रशासन ने सरकारी धन का दुरुपयोग करने की नियत पर अपने चहते ठेकेदार को लाखों का फायदा पहुंचा डाला।तो वहीं देवली शहर वासियों को गुमराह भी किया गया। जी हां सूत्रों से मिली जानकारी पर ऐसा ही एक मामला यहां सामने आया है। हुआ यह की देवली नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कार्यालय ने शहर में हॉर्टिकल्चर कार्य करवाने के लिए 38 लाख 7 हजार और 18 लाख 90 हजार लगभग 57 लाख रुपए खर्च करने की योजना बनाई। और उक्त राशि को खर्च खर्च भी किया गया। इसके लिए पालिका प्रशासन ने 25 मार्च 2022 को ई निविदा निकालकर दो अलग-अलग स्थान पर हॉर्टिकल्चर कार्य करने के लिए टेंडर जारी कर दिए थे। इस पर अभी हाल ही में सोमवार को मामला यह भी सामने आया कि उक्त दोनों स्थानों पर कृषि हॉर्टिकल्चर का कार्य करने की बजाय पालिका प्रशासन ने सीधे-सीधे बाजार से पौधे और घास खरीद करवा कर शहीद स्मारक उद्यान और भरतपुर हाउस परिसर के बाहर एवं नगर पालिका परिसर के बाहर लगवा दिए। जबकि यहां हॉर्टिकल्चर कार्य करने का टेंडर जारी किया गया था और इसी नीति के तहत कार्य होना था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इस मामले में सूत्रों से यह मामला सामने आया कि पालिका प्रशासन ने इस कार्य पेठे 57 लाख रुपए की राशि खर्च कर डाली है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि पालिका प्रशासन ने हॉर्टिकल्चर के नाम टेंडर तो जारी किया। लेकिन हॉर्टिकल्चर कार्य नीति नियम तहत कार्य नहीं करवाया आखिर क्यों ? और बाजार से चंद लाख के पौधे और घास खरीद करवा कर दोनों उधानों में लगवा दिए। ऐसे में नाम नहीं छापने की शर्त पर कृषि कार्य विशेषज्ञ ने जानकारी में बताया है कि कृषि कार्यों में हॉर्टिकल्चर कृषि कार्य यह भी एक शाखा है। जिसे हॉर्टिकल्चर (संशय विज्ञान) कार्य कहते हैं। और बागवानी भी कह सकते हैं । हॉर्टिकल्चर कार्य इसमें पौधों की खेती करना और समय रहते क्लाइमेट के आधार पर या क्लाइमेट के अनुसार तैयार किये पौधों की खेती की देखभाल करना होता है। तो वही उनसे जुड़े उत्पादों का विकास विपणन और उपयोग शामिल होते हैं। इतना ही नहीं हॉर्टिकल्चर में खाद्य और सजावटी दोनों तरह के पौधों का अध्ययन भी किया जाता है। हॉर्टिकल्चर में ये पौधे उगाए जाते हैं। जैसे की फल, सब्ज़ियां, अनाज, मसाले, फूल,सजावटी पेड़,औषधीय पौधे.

हॉर्टिकल्चर शब्द लैटिन भाषा के दो शब्दों हॉर्टस और 'कल्चरा से मिलकर बना है। हॉर्टस का मतलब है बगीचे का पौधा और 'कल्चरा' का मतलब है मिट्टी की जुताई। लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है और नाही हो किया गया है। इस मामले पर यहां देखने वाली बात तो यह सामने आई की यहां शहीद स्मारक और अनन्य हॉस्पिटल के सामने उद्यान में ओर नगर पालिका परिसर के बाहर दांडी यात्रा स्थल पर लाखों के उक्त कार्य खर्चे पर सीधे-सीधे बाजार से पौधे खरीद कर लगाए गए हैं। आज जिनकी भी स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। तो वही ऐसी स्थिति के बीच इनके रखरखाव और देखभाल के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए और खर्च किया जा रहा है । यहां देखने वाली बात तो यह है कि उक्त दौरान हॉर्टिकल्चर कार्य के नाम की आड पर केवल सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया गया। इसलिए कि यहां हॉर्टिकल्चर कार्य (संशय विज्ञान) नीति के तहत किसी भी तरह का कार्य नहीं हुआ है। इस मामले में सूत्रों से यह भी जानकारी मिली कि उक्त दौरान पालिका प्रशासन और संवेदक की मिली भगत के चलते बाजार से चंद लाख रुपए के पौधे खरीद कर हॉर्टिकल्चर के नाम पर लाखों का भुगतान चहते संवेदक को कर डाला। ऐसे में यह मामला कहीं ना कहीं जांच का विषय बन गया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

हॉर्टिकल्चर कार्य लिख दिया। यहां शहीद स्मारक अनन्य हॉस्पिटल के सामने उद्यान और देवली क्षेत्र में प्लांटेशन लगवाएं गए हैं घास भी लगवाई गई है। इस कार्य का ओडम 3 वर्ष का है। फिर भी इस कार्य के मामले मैं देख कर ही बता सकता हूं।

**सुरेश कुमार मीणा**
**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका देवली**

# नाक के मस्से का दूरबीन से सफलतापूर्वक इलाज किया

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शहर मे कोटा रोड स्थित अंकुर ईएनटी हॉस्पिटल में नाक के मस्से का एंडोस्कोपिक सर्जरी से सफल इलाज किया गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.गौरव व्यास ने बताया कि मरीज हरिकिशन निवासी गेरोली को विगत 6 महीने से नाक की बीमारी से परेशान था। जिसके चलते नाक बंद होना, बहना,सांस में तकलीफ, सिरदर्द, अनिंद्रा, भूख और सुगंध का कम होना, नाक से खून बहना और साइनस पर दबाव के कारण परेशान था। नाक से खून बहने के कारण तीन दिनों तक अन्य अस्पताल में भर्ती रहा।लेकिन आराम नही मिला। आस पास की सभी जगह दिखाने के बाद मरीज परेशान होकर विगत माह दिसंबर में यहां अंकुर ईएनटी हॉस्पिटल में आया। सभी जांच कराने के बाद नाक के साइनस (मेग्जिलरी साइनस) मे मस्सा होना पाया 7 मरीज को जिसको एक दिन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद एंडोस्कोपिक सर्जरी (बिना कोई चीरा फाड़ी ) के मेग्जिलरी साइनस से सभी मस्सो तीन गुना तीन सेंमी साइज को एक एक करके बाहर निकाला गया 7 मरीज को एक दिन देखरेख में रखकर छुट्टी की गई। ऑपरेशन बाद पट्टी खोलने के मरीज से बात में बताया की वह पुरानी परेशानियों से मुक्त है। इस कार्य के लिए डॉ गोरव एवं हॉस्पिटल की पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

# ऑनलाईन ऋण आवेदन में ऑबजेक्शन अपडेट 21 से 23 जनवरी 2025 तक

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** बारां अनुजा निगम परियोजना प्रबन्धक शुभम नागर ने बताया कि स्थानीय कार्यालय में राष्ट्रीय योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अनु. जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वच्छकार और विकलांग आदि को स्वरोजगार दिलाने हेतु ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्र 31 दिसंबर 2024 तक आमंत्रित किए गए थे। जिसका साक्षात्कार सम्भवतः माह जनवरी 2025 के अन्त तक करवाया जाना प्रस्तावित है। कार्यालय द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनो की जांच पर जिन आशार्थियों के दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए गए है उनके आवेदनों को ऑब्जेक्शन में डाला गया है। अतः वे आशार्थी जिनके आवेदन में ऑबजेक्शन लगाया गया है वे उन्हें 21 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक अपडेट करवाना सुनिश्चित करें। जो भी आशार्थी 23 जनवरी 2025 तक अपने दस्तावेज संबंधित ऑब्जेक्शन को पूर्ण नहीं करवाता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, तथा इस तिथि के बाद कार्यालय द्वारा उसके आवेदन को साक्षात्कार सूची में नहीं लिया जाएगा।

साक्षात्कार संबंधित निर्धारित तिथि के बारे में कार्यालय द्वारा आगामी प्रेस नोट तथा दूरभाष के माध्यम से आशार्थियों को व्यक्तिगत सूचित कर दिया जाएगा।

अतः सभी आशार्थी साक्षात्कार के लिए अपने मूल दस्तावेज (ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कोपी, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जनाधार, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, 50 रुपए का शपथ पत्र, वाहन हेतु ड्राइविंग लाइसेंस, विकलांग हेतु विकलांग प्रमाण पत्र, सफाई कर्मचारी हेतु सफाई प्रमाण पत्र) तैयार रखे।

# ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान: ऑनलाइन सट्टा खिलाकर धोखाधड़ी करने वाले दर्जन से अधिक बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** मुहाना थाना पुलिस ने मंगलवार के ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन सट्टा खिलाकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक दर्जन से अधिक बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलि ने मौके से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रोनिक उपकरण जब्त किए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है।

सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर (प्रशिक्षु) आदित्य कांकड़े ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना इलाके के हाज्यावाला में चल रहे कॉल सेंटर पर ऑनलाइन सट्टा खिलाकर लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। इस पर पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई। जहां पुलिस मौके से चौदह युवकों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पुलिस को मौके से कॉल सेंटर पर 4 लैपटॉप, 53 मोबाइल फोन, इंटरनेट राउटर, डोंगल समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त की। साथ ही बदमाशों के 37 बैंक खातों की जानकारी मिली। जिस पर हुए ट्रांजेक्शन को लेकर बैंक से डिटेल ली जा रही है। इन बैंक खातों में कितना ट्रांजेक्शन अब तक हुआ यह लोग उस पैसे का उपयोग कैसे और किन कामों में किया करते थे। इसकी भी जांच की जा रही है। जांच टीम को मौके से दो रजिस्टर भी मिले हैं जिनमें दो करोड़ का दो महीने का हिसाब-किताब मिला है। गिरफ्तार आरोपी डायमंड एक्सचेंज समेत दस आईडी से ठगी का कारोबार चला रहे थे।

आरोपित सोशल मीडिया के जरिए देशभर के लोगों से संपर्क करते और फिर उन लोगों को आईडी मुहैया कराकर बैटिंग एप्लीकेशन के जरिए ठगी का शिकार बनाते। 10 प्रतिशत कमीशन का लालच देकर आईडी प्रोवाइड कराकर फर्जी तरीके से खोले गए अकाउंट में रुपए ट्रांसफर करवा लेते थे। फिर उस आईडी को बंद कर देते थे।

# नैनवां पालिका में शामिल हुए सात राजस्व ग्रांम, स्वायत शासन विभाग ने जारी किये आदेश

बढ़ता राजस्थान




**नैनवां,( ( टी.आर सैनी )।** आजादी से पूर्व यानी 1936 में नैनवां पालिका की स्थापना हुई थी। आर्थिक एंव भौगोलिक दृष्टि को देखते हुए नैनवां नगर पालिका की सीमा वृद्वि अनुमोदन करते हुए राजस्थान सरकार के स्वायत शासन विभाग के आयुक्त एंव शासन सचिव ने आदेश जारी कर दिये है। कुमार पाल गौतम आयुक्त एंव शासन सचिव द्वारा जारी आदेश में बताया कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 (2019 का अधिनियम संख्या 18) की धारा की उप धारा (1) के खण्ड (क) (1) एंव उप धारा (8) के खण्ड (ग) सपठित धारा 329 के अर्न्तगत प्रदत शक्तियो का प्रयोग करते हुए नगर पालिका नैनवां की वर्तमान सीमा क्षेत्र में राजस्व ग्रांम नैनवां, दलेलपुरा, रालड़ी, खानपुरा, टोपा उर्फ नयागांव, छोटी पड़ाप, रजलावता, बड़ी पड़ाप को पालिका क्षेत्र में शामिल किया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार इनकी जनसंख्या 7048 है। पालिका अधिशाषी अधिकारी मोती शंकर नागर ने बताया कि पालिका की सीमा वृद्वि को लेकर 29 नवम्बर 2024 को कार्यालय नगर पालिका द्वारा प्रस्ताव बना कर जिला कलक्टर को प्रेषित किया गया था। जिसमें नगरीय निकाय नैनवां मास्टर प्लान 2011-2031 के अर्न्तगत नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार अधिसूचना दिनांक 22.02.2011 के अनुसरण में नैनवां राजस्व ग्रांम सहित सात ग्रांमो को नगरीय क्षेत्र नैनवां में सम्मिलित किया जा चुका है। लेकिन वर्तमान में नगर पालिका क्षेत्र नैनवां में समायोजन नहीं हुआ था। प्रोपोजल में 2011 की जनगणना के आधार पर प्रोपोजल बनाया गया था। जिसमें दलेलपुरा की जनसंख्या 588, रालड़ी की जनसंख्या 382, खनपुरा की जनसंख्या 2504, टोपा उर्फ नयागांव की जनसंख्या 394, छोटी पड़ाप की जनसंख्या 675, रजलावता की जनसंख्या 1555 सहित क्षेत्र का चतुर्थ सीमा विवरण एंव नक्शा मानचित्र,मास्टर प्लान 2011-2031 के अनुरूष अनुमोदित नक्शा मानचित्र साथ भेजा गया था। पांच किलोमीटर तक बढ़ा पालिका का क्षेत्र नैनवां पालिका की स्थापना 1936 में हुई थी जो आजादी से पूर्व की है। राज्य सरकार द्वारा सात राजस्व गांवो को नैनवां में शामिल करने पर अब नैनवां पालिका का क्षेत्र करीब पांच किलोमीटर फेरा फेरी बेल्ट तक होगा। वर्तमान में नैनवां पालिका क्षेत्र को 25वाड़ो में विभक्त किया गया था।

लेकिन पालिका क्षेत्र का दायरा बढ़ने से अब नैनवां पालिका में करीब 35 वाड़ होगें।

# प्रताप नारायणी नगर को नगरपालिका देवली क्षेत्र में शामिल करने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां प्रताप नारायणी नगर विकास समिति जयपुर रोड देवली के वासियों ने उपखण्ड अधिकारी देवली व पालिकाध्यक्ष नेमीचंद जैन को ज्ञापन सौंपकर जयपुर रोड़ स्थित प्रताप नारायणी नगर को नगरपालिका देवली क्षेत्र में शामिल करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रताप नारायणी नगर जो कि देवली शहर में जयपुर रोड़ पर स्थित है। जिसमें 200 से अधिक मतदाता निवासरत है। एवं इस कॉलोनी का नगर पालिका के मास्टर प्लान के तहत नियमन हो चुका है। इसके सभी सुविधा शुल्क नगरपालिका में जमा है एवं भू-रूपान्तरण, भवन-नक्शा की स्वीकृति भी नगरपालिका द्वारा जारी की जाति है। परन्तु नगरपालिका क्षेत्र के किसी भी वार्ड में शामिल नहीं होने के कारण इस कॉलोनी के निवासी विभिन्न समास्याओं जैसे रोड़, बिजली, पानी से अभावग्रस्त है। एंव सबसे बड़ा विषय यह है कि यहाँ के निवासी आज भी मतदान से वंचित है। ज्ञापन देने वालो में रणवीर सिंह चौहान, अशोक दुबे, सुरेश कुमार, संजय, गोविंद समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मॉडल स्कूल के विधार्थियो को दी गई सड़क सुरक्षा नियमो की जानकारी




बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी )।** राजस्थान सरकार एवं यातायात पुलिस प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में पूरेराज्यस्तर पर सड़क सुरक्षा सप्ताह् का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय नैनवॉ में यातायात पुलिस प्रभाग नैनवॉ के द्वारा छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की विशेष जानकारी प्रदान की गई । पुलिस उपाधीक्षक राजू लाल मीणा व सब इन्स्पेक्टर रमेश चंद मेरोठा, कॉस्टेबल राजपाल चोपड़ा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के तहत सावधानियाँ रखी जाने, एंव सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल मीणा व फोरू लाल मीणा व्याख्याता, लड्डु लाल मीणा व्याख्याता , परसीराम नागर , कैलाश चन्द्र मीणा, कमलेश कुमार मीणा एव समस्त स्टाफ सदस्यों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करने पर होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत करवाया साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों को अपने जीवन में परिमार्जन करने की शिक्षा पर विषेश जोर डाला।

# राजस्थान राजस्व मंत्रालय कर्मचारी संघ शाखा अंता द्वारा उपखंड अधिकारी बनवारी लाल बैरवा को ज्ञापन सौपा

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( शफीक मंसूरी )।** मंगलवार को राजस्थान राजस्व मंत्रालय कर्मचारी संघ शाखा अंता द्वारा बनवारी लाल बैरवा उपखंड अधिकारी अंता के मार्फत मुख्य सचिव महोदय राजस्थान सरकार जयपुर एवं प्रमुख शासन सचिव महोदय राजस्व विभाग जयपुर के नाम ज्ञापन दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश कुमार मीणा ने बताया कि ज्ञापन में राजस्व विभाग मे तहसीलदार के पदों पर मंत्रालयिक कर्मचारियों का कोटा यथावत रखने, अन्य संगठनों के दबाव में आकर मंत्रालयिक कर्मचारियों के तहसीलदार पदोन्नति कोटे से छेड़छाड़ नहीं करने,उपखंड अधिकारी कार्यालय में कर्मचारियों के कार्यभार के अनुसार नवीन पद सृजित करने, राजस्व विभाग के मंत्रालय कर्मचारियों को सचिवालय के समान वेतन भत्ते देने, तहसीलदार के रिक्त पदों को पदोन्नति से भरने हेतु शीघ्र डीपीसी आयोजित करने,आदि मांगों के संबंध ने ज्ञापन दिया गया। इस दौरान लोकेश कुमार मीणा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, भगवान सिंह सोलंकी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नरोत्तम प्रजापति वरिष्ठ सहायक, नवीन दाधीच वरिष्ठ सहायक, उपखंड कार्यालय अंता, लोकेश सुमन वरिष्ठ सहायक, विनोद मीणा कनिष्ठ सहायक, हरगोविंद कनिष्ठ सहायक, अनिल कुमार मीणा कनिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय अंता उपस्थित रहे।

# 111 व्यक्तियों ने किया रक्तदान, पहली बार रक्तदान करने पहुंचे युवा, लगी लाइन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राज्यावास बालाजी धाम विकास सेवा समिति, राज्यावास एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 111 व्यक्तियों ने रक्तदान किया मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता आई है एवं सामाजिक समरसता दिखाई दी शिविर में 111 व्यक्तियों ने रक्तदान किया । प्रात: 9.00 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित शुरू हुआ जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर लाइन बनाकर रक्तदान करने दौड़ पड़े राज्यावास ग्राम वासियों की ओर से रक्तदाताओं के प्रति जो सम्मान प्रकट हुआ वास्तव में वह काबिले तारीफ रहा है। गांव की युवाओं का मानना है कि ब्लड की वजह से किसी भी रोगी का जीवन का जीवन खतरे में नहीं जाना चाहिए हम सभी युवा समय पर रक्तदान करने के लिए आगे रहेंगे। शिविर में 5 महिला एवं 1 विकलांग रक्तदाता ने भी रक्तदान किया शिविर संयोजक एवं संरक्षक नारायण सिंह भाटी ने बताया कि 25 से अधिक युवाओं ने जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने का संकल्प व्यक्त किया जब भी ब्लड बैंक में रक्त की कमी हो ग्रामीण क्षेत्र के गांव एवं ढाणी के युवा भी रक्तदान में आगे रहेंगे। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि रक्तदान शिविर में शिविर संयोजक एवं संरक्षक नारायण सिंह भाटी, राज्यावास बालाजी धाम विकास सेवा समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह भाटी, सचिव ईश्वर लाल बोहरा, कोषाध्यक्ष उदयलाल सिंघवी, मनोज पुरबिया समस्त ग्रामवासी राज्यावास चेयर मेन कुलदीप शर्मा, मानद सचिव बृजलाल कुमावत वाइस चेयरमेन प्रकाश कोठारी, सी.पी. व्यास, शब्बीर हुसैन बोहरा, दीपचंद गाडरी, हर्षवर्धन सिंह भाटी, योगेश उपाध्याय, विक्रम सिंह भाटी, प्रहलाद मूंदड़ा लता मादरेचा, लोकेश देराश्री आर के ब्लड सेंटर टीम के डॉ एम. पी. मीणा, मुकेश कुमावत, काउंसलर सुमन शर्मा, रमेश आमेटा, दिनेश सिंह, गोविंद पुरबिया , रेणु गालव विजय लोट, ठाकुर सनाढ्य , रुचि चौबे कान सिंह आदि ने रक्तदान शिविर सेवाएं प्रदान की ।

# सामाजिक सरोकार - राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता, सड़क सुरक्षा सप्ताह में वाहन चालकों को किया जागरूक

## ग़ुलाब के फूल देकर की यातायात नियमों की पालना का आहवान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, कॅरियर संस्थान राजसमंद द्वारा जिला पुलिस व परिवहन विभाग के निर्देशन में 17 से 23 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह अभियान के तहत शहर के टीवीएस चौराहे पर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। केंद्र के कार्यक्रम सहायक हनवंत सिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया। सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल ने बताया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए वाहन को सड़क पर बाएं चलने की सलाह दी। रोड से गुजरते समय ओवरटेक ना करने, अगर कोई वाहन ओवरटेक कर रहा हो तो अपनी वाहन की गति तेज न करने की सलाह दी। इसके अलावा रोड पर गति कम करने, यू टर्न जल्दी नहीं लेने, सिंग्नल का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की भी सलाह देकर जागरूक किया कहा कि नियमों का पालन करना अनिवार्य हैं। पकड़े जाने पर जुर्माने का प्रावधान है। इस अवसर पर आरक्षक विनोद कुमार, राष्ट्रीय युवा अवार्डी शंकर गाडरी, प्रशासनिक सहायक रामेश्वर शर्मा, राष्ट्रीय युवा व कॅरियर संस्थान सचिव नीलेश पालीवाल, अम्बालाल माली, दिनेश कुमावत, राकेश माली, कार्तिक बापडोत, शंकर भील, विष्णु धोबी, मदन भील सहित कई स्वयंसेवक व युवा मंडल सदस्य उपस्थित थे।

# अनन्या पांडे ने साड़ी में लगाया ग्लैमर का तड़का, तस्वीरें वायरल



**अनन्या पांडे ने साड़ी में अपनी नई ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका बोल्ड और ट्रेडिशनल लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस उन्हें ब्यूटी विद ग्रेस कहकर सराह रहे हैं।**

### अनन्या का फ्यूजन साड़ी लुक

अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने मॉडर्न और ट्रेडिशनल का फ्यूजन दिखाया है। चेक प्रिंट साड़ी के साथ उनका यह लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### गजरा और नथ के साथ परफेक्ट लुक

इस खास लुक में अनन्या ने साड़ी को मॉडर्न स्टाइल में कैरी किया है। उनके बालों में ट्रेडिशनल गजरा और नाक में छोटी नथ और माथे पर बिंदी उनकी खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अनन्या को इस अवतार में पहले कभी नहीं देखा गया है।

### चेक प्रिंट ब्लाउज का खास अंदाज

अनन्या ने चेक प्रिंट ब्लाउज को बड़े ही अलग और बोल्ड तरीके से पहना है। उनकी यह तस्वीरें साबित करती हैं कि वह फैशन के मामले में कितनी एक्सपेरिमेंटल हैं।

### फैशन आइकन के रूप में पहचान

अनन्या पांडे अपने स्टाइल और फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। हर बार उनके एक्सपेरिमेंटल और ट्रेंडी लुक्स फैंस के बीच चर्चा का विषय बनते हैं। एक्ट्रेस जा का ये नया अंदाज पसंद किया जा रहा है। उनका यह साड़ी लुक मॉडर्न और ट्रेडिशनल का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। यह दिखाता है कि अनन्या कैसे हर लुक को कॉंफिडेंट के साथ कैरी करती हैं। इस लुक में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

### अनन्या का फिल्मी सफर

अनन्या ने बॉलीवुड में कदम फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से रखा था। इसके बाद उन्होंने पति, पत्नी और वो और ड्रीम गर्ल 2 जैसी हिट फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीता। इसके साथ ही वो फैशन की दुनिया में भी कमाल कर रही हैं।





## कंगना रनोट नहीं करना चाहतीं सोनू सूद से दोस्ती, कहा

# कुछ लोग जो नाराज हैं उन्हें नाराज ही रहना चाहिए, अवॉर्ड को कहा- कुछ रियल नहीं



कंगना रनोट और सोनू सूद के बीच अनबन किसी से छिपी नहीं है। साल 2019 की फिल्म मणिकर्णिका के सेट पर सोनू और कंगना का झगड़ा हो गया था, जिसके बाद सोनू ने फिल्म छोड़ दी। अब सालों बाद कंगना ने फिर सोनू से झगड़े पर बात की है। कंगना की मानें तो वो सोनू से मनमुटाव दूर करने में दिलचस्पी नहीं रखती। हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में कंगना रनोट से सोनू सूद पर सवाल किया गया। उनसे कहा गया कि कुछ समय पहले सोनू ने कहा था कि कंगना उनकी दोस्त हैं, लेकिन उनकी 5 सालों से बात नहीं हुई है। इस पर कंगना ने कहा, ऐसा जरूरी भी तो नहीं है कि जो हमें मिले हम उनके दोस्त ही बन जाएं। ऐसा जरूरी तो नहीं है न। कितने ही दोस्त हम बनाएं। मुझे लगता है कि कुछ लोग मुझसे नाराज हैं उन्हें नाराज ही रहना चाहिए। बताते चलें कि फिल्म मणिकर्णिका में सोनू सूद सदाशिव राव की भूमिका में थे। शुरुआती तौर पर इस फिल्म के निर्देशक कृष थे। उन्होंने फिल्म का ज्यादातर हिस्सा शूट किया था, हालांकि बाद में वो दूसरी फिल्म में व्यस्त हो गए। उनके जाने से कंगना रनोट ने खुद फिल्म मणिकर्णिका डायरेक्ट करने का फैसला किया। शूटिंग के दौरान सोनू सूद कंगना के निर्देशन से खुश नहीं थे। एक इंटरव्यू में सोनू सूद ने बताया था कि स्क्रिप्ट के मुताबिक उनके जितने भी सीन थे, कंगना ने उन्हें हटवा दिए थे। जब उन्होंने कंगना से इस बारे में बात की तो दोनों की कहासुनी हो गई। अनबन के बाद सोनू सूद ने फिल्म छोड़ दी।

बाद में उनकी जगह जीशान अय्युब को कास्ट किया गया था। सोनू सूद ने बताया था कि इस फिल्म की शूटिंग के लिए उन्होंने 4 महीने दिए थे। वहीं इस फिल्म के लिए उन्होंने कई दूसरी फिल्मों के ऑफर भी ठुकराए थे। पॉडकास्ट में कंगना रनोट ने अवॉर्ड शोज पर भी तंज कसा। उनसे पूछा गया था कि क्या वो इसलिए अवॉर्ड शो में नहीं जातीं, क्योंकि अब उन्हें अवॉर्ड मिलना बंद हो गए हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, क्वीन और तनु वेड्स मनु के लिए मुझे अवॉर्ड में न जाने पर भी अवॉर्ड मिला था।

# दिलजीत की फिल्म की अंतरराष्ट्रीय रिलीज भी टली

## भारत में पहले से रोक, एक्टर बोले- परिस्थितियां वश में नहीं; मानवाधिकार कार्यकर्ता की बायोपिक

पंजाबी एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब 95 अब 7 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज नहीं होगी। दिलजीत ने खुद इस बात की जानकारी अपने फैंस के साथ शेयर की है। यह फिल्म पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित है। दिलजीत दोसांझ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर किया- हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि फिल्म पंजाब 95 7 फरवरी को रिलीज नहीं होगी, कुछ परिस्थितियां हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। भारत में इसकी रिलीज को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है। जिस वजह से ये यहां रिलीज नहीं हो रही थी। दरअसल, सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में 120 कट लगाने को कहा था, लेकिन फिल्म के निर्माता, निर्देशक और खालड़ा के परिवार के सदस्य इस पर राजी नहीं हुए। जिसके बाद यह फैसला लिया गया है कि यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में नहीं दिखाई जाएगी। इतना ही नहीं, फिल्म का टीजर भी भारत में यूट्यूब से हटा दिया गया था।

### दिलजीत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज की जानकारी दी थी

इससे पहले दिलजीत दोसांझ ने खुद इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट कर बताया था कि फिल्म 7 फरवरी को विदेश (ऑस्ट्रेलिया, यूके (यूनाइटेड किंगडम), कनाडा और अमेरिका में रिलीज हो रही है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए दिलजीत ने खुद फिल्म की रिलीज डेट के बारे में बताया है। पोस्ट में दिलजीत ने लिखा- फुल मूवी, नो कट्स। दिलजीत की पोस्ट से साफ हो गया कि यह फिल्म अब बिना कट्स के रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज को देखते हुए दिलजीत दोसांझ ने अपने नए म्यूजिक एल्बम की रिलीज डेट भी टाल दी थी। दिलजीत ने हाल ही में दिल लूमिनाटी टूर निकाला था और देशभर में लाइव कॉन्सर्ट किए थे। इसके बाद 1 जनवरी को उन्होंने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दिलजीत ने पीएम मोदी को सैल्यूट किया और पीएम ने भी सत श्री अकाल कहकर दोसांझ का स्वागत किया।

### सेंसर बोर्ड ने फिल्म में ये कट लगाने को कहे

सेंसर बोर्ड ने फिल्ममेकर्स को फिल्म के उन सभी सीन में बदलाव करने के आदेश दिए थे, जहां पंजाब और उसके जिले तरनतारन साहिब को मेंशन किया गया है। फिल्म में दिखाए गए कनाडा और यूके के रिफरेंस को हटाने की भी मांग की थी। फिल्म का टाइटल पंजाब 95 रखा गया है। साल 1995 में जसवंत सिंह खालड़ा लापता हुए थे, ऐसे में सेंसर बोर्ड की कमेटी ने मांग रखी थी की इस टाइटल में बदलाव किया जाए। इससे लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं। कमेटी की मांग थी कि फिल्म के मुख्य किरदार जसवंत सिंह खालड़ा का नाम भी बदलकर दिखाया जाए। फिल्म से गुरबानी के सीन हटाए जाएं। जसवंत सिंह खालड़ा की पत्नी परमजीत कौर खालड़ा।

### 4 साल पहले परिवार ने अप्रूव की थी स्क्रिप्ट

बीते साल जब इस फिल्म की रिलीज को रोका गया तो जसवंत सिंह खालड़ा की पत्नी परमजीत कौर खालड़ा ने सेंसर बोर्ड की निंदा की थी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके पति के जीवन पर बनी एक सच्ची बायोपिक है, जिसे उनके परिवार की सहमति से बनाया गया और इसे बिना किसी कट के रिलीज किया जाना चाहिए। परमजीत कौर खालड़ा ने यह भी बताया था कि लगभग 4 साल पहले उनके परिवार ने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़कर ही निर्देशक हनी त्रेहन को फिल्म बनाने की अनुमति दी थी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दिलजीत दोसांझ को जसवंत सिंह खालड़ा की भूमिका निभाने के लिए चुना गया था और इस चयन से उनका परिवार पूरी तरह संतुष्ट है।




### पंजाब के काले दौर में फर्जी मुठभेड़ पर आधारित फिल्म

जसवंत सिंह खालड़ा एक साहसी और समर्पित मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। जिन्होंने 1980 और 1990 के दशक के दौरान पंजाब में सिखों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने खुलासा किया था कि उस दौर में हजारों सिख युवाओं को अवैध हिरासत में लिया गया और फर्जी मुठभेड़ों में मार दिया गया। साथ ही जसवंत ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया था कि मुठभेड़ में मारे गए सिख युवाओं के शवों का गुप्त रूप से अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

### श्मशान घाटों पर खुद गए थे खालड़ा

खालड़ा ने पंजाब पुलिस और प्रशासन द्वारा की जा रही इन गुमशुदगी और हत्याओं को उजागर किया था। उन्होंने उस समय में अमृतसर के श्मशान घाटों का दौरा कर यह जानकारी जुटाई कि वहां 6,000 से अधिक शवों का गुप्त रूप से अंतिम संस्कार किया गया था। यह जानकारी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी साझा की थी, जिससे भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड पर कई सवाल खड़े हो गए थे।

### परिवार का आरोप- जान देकर इंसाफ के लिए लड़े

खालड़ा को सिखों के हकों के लिए लड़ने का खामियाजा अपनी जान देकर चुकानी पड़ी थी। परिवार का आरोप है कि 6 सितंबर 1995 को पुलिस ने खालड़ा का उनके घर से अपहरण कर लिया। इसके बाद उन्हें पुलिस हिरासत में प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज नहीं की।

## तारक मेहता... फेम गुरुचरण को मिली 13 लाख की डील : एक्टर की दोस्त बोलीं- वो बहुत ज्यादा परेशानी में थे, किसी ने पूछा तक नहीं

तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम गुरुचरण सिंह इन दिनों कई परेशानियों से घिरे हुए हैं। इस बीच उनकी दोस्त भक्ति सोनी ने खुलासा किया कि उन्होंने गुरुचरण को एक ब्रांड डील दिलाई है, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है और वह बेहद खुश हैं। दरअसल, हाल ही में गुरुचरण की तबीयत भी बिगड़ी थी, जिसके चलते वह अस्पताल में भर्ती थे। इसके अलावा वह कर्ज में भी डूबे हुए थे। एक इंटरव्यू में भक्ति सोनी ने कहा, मैंने गुरुचरण सिंह के लिए 13 लाख की ब्रांड डील तय की है, जो उन्हें मिल चुकी है। इससे उनकी हिम्मत बढ़ी है। अब उन्होंने अपना उपवास तोड़ने का फैसला किया है। वह महीने के अंत तक मुंबई आकर इस डील के लिए शूट करेंगे। भक्ति सोनी ने कहा, इस डील को दिलाने में मेरी एक दोस्त ने मदद की। हमारी कोशिश यही थी कि गुरुचरण को एक अच्छी डील मिल जाए और वह जल्द से जल्द काम पर वापस लौट जाए। भक्ति ने गुरुचरण के मुश्किल समय में दूसरों से मदद न मिलने पर दुख जताया। उन्होंने कहा, मैंने इससे पहले भी गुरुचरण 33 लाख रुपए की मदद की थी। मुझे समझ नहीं आता कि वह आदमी मुश्किल में था, लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया। भक्ति ने बताया कि तारक मेहता का उल्टा चश्मा की टीम के कुछ लोगों ने गुरुचरण की तबीयत के बारे में पूछा था, लेकिन किसी ने भी उनकी आर्थिक मदद के लिए नहीं पूछा।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जम्मू की रहस्यमयी बीमारी, एक और व्यक्ति अस्पताल में भर्ती

## बधाल गांव में अबतक 17 की मौतें; सीएम उमर बोले- हर जगह बड़े अस्पताल नहीं बना सकते



बढ़ता राजस्थान

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू में राजौरी जिले के बधाल गांव में रहस्यमयी बीमारी से अबतक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को भी गांव के एजाज अहमद की तबीयत बिगड़ी, उसे राजौरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने गांव का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। 7 दिसंबर से 19 जनवरी के बीच मरने वाले 17 लोगों में 13 बच्चे हैं। उमर ने मोहम्मद असलम से मुलाकात की। उसने परिवार के 8 सदस्यों को खोया है। इनमें 6 बच्चे और असलम को गोद लेने वाले उसके मामा-मामी शामिल हैं। परिवार में अब असलम और उसकी पत्नी बचे हैं। मुलाकात के बाद उमर ने कहा- मौतों का क्या कारण है, इसकी जांच जारी है। जल्द ही सभी सवालों का जवाब मिलेगा। हर जगह बड़े अस्पताल बनाना संभव नहीं है, लेकिन दूरदराज के इलाकों में बेहतर हेल्थ सर्विस के लिए हेल्थ सेंटर की कमी दूर करेंगे।

# जनता की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई करें अधिकारी : सीएम योगी

बढ़ता राजस्थान

**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां जनता दर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और त्वरित तथा संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें और इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखनाथ मंदिर के प्रवास के दौरान मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी 'इस्टीमेट' की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाए।

# केन्द्रीय गृह सचिव ने 3 नये आपराधिक कानूनों के राज्य में क्रियान्वन की समीक्षा कर एसओपी एडवाइजरी की शत-प्रतिशत पालना के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने मंगलवार को सचिवालय में सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक लेकर 3 नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के राजस्थान में क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा इन कानूनों की मूल भावना, इनसे सम्बंधित एडवाइजरी, एसओपी, मैकेनिज्म की शत-प्रतिशत क्रियान्विति के निर्देश दिए। केन्द्रीय गृह सचिव ने निर्देश दिए कि पुलिस, कारागार, फोरेन्सिक, अभियोजन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा के कार्मिकों को इन कानूनों के प्रावधानों से सम्बंधित प्रशिक्षण समय सीमा में दिलवाना सुनिश्चित करें।

# ट्रम्प 150 साल पुराना जन्मजात नागरिकता कानून खत्म करेंगे

## अवैध प्रवासियों की एंट्री बंद, थर्ड जेंडर की मान्यता खत्म; अमेरिकी राष्ट्रपति के कई ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार, 20 जनवरी को अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। ट्रम्प ने सत्ता संभालते ही देश से लेकर विदेश तक अमेरिकी नीतियों में कई बड़े बदलाव लाने की बात कही।

उन्होंने शपथ लेने के सिर्फ 6 घंटे के अंदर ही बाइडेन के 78 फैसलों को पलट दिया है। इसमें अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने, बच्चों की नागरिकता खत्म करने, डब्ल्यूएचओ और पेरिस जलवायु समझौता से अमेरिका को बाहर निकालने जैसे फैसले हैं।

## ट्रम्प के पहले भाषण में ऐलान

### जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का ऐलान

ट्रम्प ने जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का फैसला किया है। उन्होंने उन माता-पिता के बच्चों को जन्मजात नागरिकता देने से इनकार करने का आदेश दिया है जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं या फिर अस्थायी वीजा लेकर रह रहे हैं। ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। ट्रम्प का ये आदेश अमेरिकी बच्चों को मिलने वाले जन्मजात नागरिकता के अधिकार को चुनौती देता है। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन बच्चों को जन्मजात नागरिकता की गारंटी देता है। अमेरिका में यह कानून 150 साल से लागू है।

### कैपिटल हिंसा के दोषियों को माफी

ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनते ही 6 जनवरी 2021 को हुई कैपिटल हिल हिंसा के आरोप में गिरफ्तार हुए अपने करीब 1600 समर्थकों की सजा माफ कर दी है। जिन लोगों की सजा माफ हुई है उनमें कई देशद्रोह की साजिश जैसे मामलों के दोषी करार दिए जा चुके हैं।

### अवैध प्रवासियों को बाहर निकालेंगे

ट्रम्प ने देश में अवैध प्रवासियों की एंट्री बैन करने और अवैध प्रवासियों को पकड़ कर बॉर्डर पर छोड़ने की पॉलिसी का ऐलान किया। उन्होंने कहा- बाइडेन प्रशासन ने हमारे देश में अवैध रूप से एंट्री करने वाले खतरनाक अपराधियों को शरण दी है और उनकी हिफाजत की है।



### दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान

ट्रम्प ने कहा है कि वे कनाडा और मेक्सिको पर 25त्न टैरिफ लगा सकते हैं। यह फैसला लगभग 10 दिन बाद 1 फरवरी से लागू होगा। इस फैसले की वजह से कनाडा-मेक्सिको से अमेरिका आने वाले सामान पर बिजनेसमैन को 25 फीसदी टैक्स देना पड़ेगा।

### अमेरिका में इलेक्ट्रिक वाहन की अनिवार्यता खत्म

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार ग्रीन न्यू डील को समाप्त कर देगी। ग्रीन न्यू डील में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने की बात की गई है। इसके साथ ही ट्रम्प ने इलेक्ट्रिक वाहन की अनिवार्यता को खत्म करने की बात की। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे शब्दों में कहूं तो आप अपनी पसंद की कार खरीद सकेंगे।

### विदेशी शत्रु अधिनियम 1798 को लागू करने का वादा

ट्रम्प ने कहा कि वह अमेरिका में विदेशी गिरोह को निशाना बनाने के लिए विदेशी शत्रु अधिनियम 1798 को लागू करेंगे। इस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल आखिरी बार सेकेंड वर्ल्ड वॉर के समय जापानी, जर्मन और इटली मूल के गैर-अमेरिकी नागरिकों को बंदी बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि आपराधिक गिरोहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेंगे।

### क्यूबा को फिर से टेररिज्म स्पांसर कंट्री की लिस्ट में डाला

डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा को टेररिज्म स्पांसर कंट्री की ब्लैक लिस्ट से हटाने का फैसले रद्द कर दिया है। जो बाइडेन ने क्यूबा को ब्लैक लिस्ट से हटाने का फैसला किया था। इसके बदले में क्यूबा अपनी जेल से 500 से ज्यादा कैदियों को रिहा करता।

### मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने का ऐलान

ट्रम्प ने मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने का ऐलान किया। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि अमेरिका की खाड़ी का नाम ज्यादा 'सुंदर' लगता है और यही नाम रखना सही है।

### टिक-टोक पर बैन रुका

डोनाल्ड ट्रम्प ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए चाइनीज सोशल मीडिया टिक-टोक पर बैन लगाने के कानून को 75 दिनों के लिए रोक दिया। इससे पहले जो बाइडेन ने टिकटॉक पर बैन लगाने के लिए एक कानून बनाया था। तब इस ऐप को राष्ट्रीय सुरक्षा और यूजर प्राइवेसी के लिए खतरा बताया गया था।

### अमेरिकी सरकार के लिए सिर्फ 2 जेंडर

ट्रम्प ने कहा- आज से अमेरिकी सरकार के लिए सिर्फ दो जेंडर होंगे पुरुष और महिला। मैं सभी सरकारी सेंसरशिप को तुरंत रोकने और अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी को बहाल करने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन करूंगा।

### पनामा नहर वापस छीनने की धमकी दी

ट्रम्प ने कहा कि वे पनामा नहर को वापस ले लेंगे। उन्होंने कहा कि इस नहर की वजह से हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया गया है। इसे कभी गिफ्ट के तौर पर पनामा देश को नहीं दिया जाना चाहिए था। आज चीन पनामा नहर ऑपरेट कर रहा है।

### मेक्सिको बॉर्डर पर इमरजेंसी का ऐलान

ट्रम्प ने अमेरिका-मेक्सिको के बॉर्डर (दक्षिणी बॉर्डर) पर इमरजेंसी लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यहां से होने वाली सभी अवैध एंट्री पर रोक लगाई जाएगी। सरकार अपराध करने वाले विदेशियों को उनके देश वापस भेज देगी।

### अमेरिका डब्ल्यूएचओ से बाहर हुआ

ट्रम्प ने अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन से हटने से जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर भी दस्तखत किए। उन्होंने इसे एक बड़ा फैसला बताया। यह दूसरी बार है जब ट्रम्प ने डब्ल्यूएचओ से हटने के आदेश दिए हैं।

### पेरिस एग्रीमेंट से बाहर हुआ अमेरिका

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक बार फिर से अमेरिका को पेरिस जलवायु समझौते से अलग कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस एकतरफा पेरिस जलवायु समझौते से तुरंत हट रहा हूं। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी अमेरिका को इस क्लाइमेट डील के अलग कर दिया था।

## नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक जयपुर में आयोजित

# सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हाइब्रिड ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा राजस्थान : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश में अक्षय ऊर्जा का उत्पादन 500 गीगावाट तक बढ़ाने, वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत पूरा करने तथा वर्ष 2070 तक देश को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन तक ले जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

इस प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में केन्द्र और राज्य सरकारें तेजी से काम कर रही हैं। जोशी मंगलवार को जयपुर के एक होटल में आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2032 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता दोगुनी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। सबसे तेज गति से प्रगति करते हुए देश आज 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र आगे बढ़ सकें, इसके लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप 2026) के अनुसार आने वाले समय में कार्बन उत्सर्जन घटाने और पर्यावरण हितैषी ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए आने वाले वर्षों में विश्व के कई देशों में जीवाश्म ईंधन के औद्योगिक उपयोग पर हरित टैक्स लगाने की तैयारी की जा रही है।

# ममता सरकार बोली- कोलकाता रेप-मर्डर के दोषी को फांसी हो

## हाईकोर्ट में याचिका; सियालदह कोर्ट ने संजय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई। इस फैसले के खिलाफ ममता सरकार मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंच गई। बंगाल सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका लगाई। इसमें कहा- दोषी संजय रॉय की उम्रकैद की सजा सही नहीं है। उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देबांग्शु बसक ने याचिका स्वीकार कर ली है। हालांकि, इसकी सुनवाई कब शुरू होगी, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार, दोपहर 2.45 बजे सजा सुनाते हुए कहा था, यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। इसलिए मौत की




सजा नहीं दी सकती।

इसके बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया ङ्ग पर लिखा- मुझे पूरा विश्वास है कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है, जिसके लिए मौत की सजा मिलनी चाहिए। कोर्ट यह कैसे कह सकता है कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है?

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# कर्नाटक में कांग्रेस की जय भीम, जय बापू रैली

## सिद्धारमैया बोले- गांधी सच्चे हिंदू, मरते वक्त हे राम कहा, शिवकुमार बोले- भाजपा गोडसे पार्टी

बढ़ता राजस्थान

**बेलगावी (एजेंसी)।** महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर कर्नाटक कांग्रेस ने बेलगावी में मंगलवार को जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली निकाली। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी शामिल हुए। खड़गे ने कहा- भाजपा पिछले कई सालों से संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। अगर देश में संविधान नहीं होता तो देश में अराजकता होती। यही कारण है कि आजकल लोग गांधी को याद करते हैं।

लोग उनके काम, उनके बलिदान और योगदान के लिए उनका सम्मान करते हैं। वहीं, सीएम सिद्धारमैया ने कहा- महात्मा गांधी एक डायहार्ड हिंदू थे और कांग्रेस गांधी के हिंदुत्व में विश्वास रखती है। गांधी हमेशा भगवान राम का नाम लेते थे। जब नाथूराम गोडसे ने उनकी हत्या की, तो गांधी ने हे राम कहा था। भाजपा ने हमेशा गांधी को हिंदू विरोधी के रूप में पेश किया, लेकिन वो 100 प्रतिशत झूठ है। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा- भले ही गांधी जी की मृत्यु हो गई हो, लेकिन उनके मूल्य अभी भी जीवित हैं। यह सिर्फ कांग्रेस का कार्यक्रम नहीं है।

राष्ट्रपिता के नेतृत्व और अहिंसा आंदोलन को दुनिया के सभी नेताओं ने स्वीकार किया था। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-हम गोडसे पार्टी की कही हुई बातें नहीं सुनना चाहते। जो लोग स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में नहीं जानते। उन्हें नहीं पता कि बलिदान क्या होता है।

**डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण कार्यक्रम टला :**
कांग्रेस का जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान 27 दिसंबर से ही शुरू होना था। साल 1924 में हुए कांग्रेस के बेलगावी अधिवेशन के 100 साल पूरे होने पर 26 और 27 दिसंबर को पार्टी ने विशेष अधिवेशन रखा था।

तय तारीख पर अधिवेशन शुरू हो गया था लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद शाम को अधिवेशन रद्द कर दिया गया था। साथ ही अभियान की तारीख भी आगे बढ़ा दी गई थी।



### प्रियांक खड़गे बोले- अमित शाह की संविधान की टिप्पणी से विचलित नहीं होंगे

कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने कहा- गांधी के राष्ट्रपति बनने के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण स्थगित कर दिया गया था।प्रियांक खड़गे ने अमित शाह की संविधान की टिप्पणी पर कहा- अंबेडकर के संविधान के किसी भी तरह की गलत व्याख्या बर्दाश्त नहीं किया जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)